नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़



दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 205 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, बुधवार 31 मई 2023

पेज -4 पर आमजनता की समस्या तत्काल निराकरण करने अधिकारियों ...

सुयश पांडे को पॉलिसी, रिसर्च एवं ट्रेनिंग का राष्ट्रीय सह-प्रभारी ... पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

**एक नजर**

## सीएम आज करेंगे एक लाख 5 हजार 395 युवाओं को बेरोजगारी भत्ते की राशि का भुगतान



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 31 मई बुधवार को एक लाख 5 हजार 395 युवाओं के खाते में 32 करोड़ 35 लाख 25 हजार रुपए की बेरोजगारी भत्ते की राशि का अंतरण करेंगे। उल्लेखनीय है कि इस महीने 24 हजार 15 युवा अतिरिक्त जुड़े हैं, जिनका आवेदन स्वीकृत किया गया है।

पिछली बार बेरोजगारी भत्ते की पहली किश्त के रूप में 66 हजार 185 युवाओं को 16 करोड़ 54 लाख 62 हजार 500 रुपए की राशि अंतरित की गई थी। इस बार इन्हें दूसरी किश्त दी जा रही है। इसे मिलाकर 1 लाख 5 हजार 395 युवाओं के खाते में 48 करोड़ 89 लाख 87 हजार 500 रुपए की राशि अंतरित हो जाएगी।

**ग्रामीण युवा अधिक-**

उल्लेखनीय है कि जिन युवाओं के खाते में राशि अंतरित की जानी है उनमें महिलाओं की संख्या 64 हजार 25 है जो कुल युवाओं की संख्या का 39 प्रतिशत है। इसी तरह 1 लाख 509 पुरुष हैं जो कुल युवाओं का 61 प्रतिशत है। शहरी युवा 27 हजार 970 हैं जो कुल युवाओं की संख्या का 17 प्रतिशत है। इसी प्रकार ग्रामीण युवाओं की संख्या एक लाख 36 हजार 564 हैं जो कुल युवाओं की संख्या का 83 प्रतिशत हैं।

## प्रदेश में चेहरा होगा कमल का फूल, और होगा जीत का आगाज - ओम माथुर

बीजापुर। भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर अपने एक दिवसीय प्रवास पर बीजापुर मुख्यालय पहुंचे । इस दौरान पूर्व मंत्री महेश गागड़ा के नेतृत्व में हेलीपेड में प्रदेश प्रभारी का ऐतिहासिक स्वागत किया गया ।

अपने प्रवास के दौरान ओम माथुर जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारियों से मुलाकात कर पार्टी को मजबूत बनाने और आगामी विधानसभा चुनाव में विजय हासिल करने का मंत्र दिया ।

**बस्तर के 12 सीटों पर भाजपा करेगी ऐतिहासिक जीत दर्ज - माथुर**

अटल सदन में आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने



कहा कि आगामी विधान सभा चुनाव में बस्तर के 12 विधानसभा में भाजपा के प्रत्यासी प्रचंड बहुमत के साथ जीत हासिल करेंगे, जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है । भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक जाकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार की नाकामियों और भ्रस्टाचार को जन जन तक पहुंचाने का काम कर रही है । कांग्रेस की सरकार ने गठनो के

**एक दिवसीय प्रवास पर बीजापुर पहुंचे भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर का भाजपाइयों ने किया ऐतिहासिक स्वागत**

नाम से जनता के अरबों रुपये का घोटाला कर जनता को ठगने का काम किया है । प्रदेश सहित बस्तर की जनता के सामने कांग्रेस का असली चेहरा उजागर हो चुका है, जनता इन्हें समझ चुकी है । आने वाले चुनाव में जनता इन्हें



उखाड़ फेंकने के साथ भाजपा की सरकार बनाने में सहयोग प्रदान करेगी । प्रदेश प्रभारी ओम माथुर के इस प्रवास के दौरान संगठन महामंत्री पवन साय, पूर्व मंत्री व प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप, बस्तर प्रभारी व सासंद संतोष पाण्डे, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, जिला अध्यक्ष श्रीनिवास राव मुदलियार, संजय लुंकड़ सहित भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

पक्की सड़क दो या वोट लेना छोड़ दो

## विकास के खोखले दावे, सो रहा सिस्टम, ग्रामीणों ने एनएच किया जाम

राजिम। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में राजिम से गरियाबंद नेशनल हाइवे 130 सी प्रमुख मार्ग में आज तर्रा गांव के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में चक्का जाम कर दिया. ग्रामीण अपने गांव में सड़क निर्माण की मांग को लेकर एकजुट होकर प्रदर्शन किये।



वहीं ग्रामीण तख्ती भी लेकर पहुंचे, जिसमें लिखा था कि 'पक्की रोड दो या वोट लेना छोड़ दो'. प्रदर्शन से प्रमख मार्ग में वाहनों की लंबी कतार लग गई है. वहीं मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया है.

बताया जा रहा है कि ग्रामीणों की वर्षों से मांग है कि उनके क्षेत्र में रोड निर्माण किया जाए लेकिन ये अभी तक नहीं हो पाया है. जिसको लेकर नाराज ग्रामीणों ने हल्ला बोल दिया है. जानकारी के अनुसार, ग्रामीण प्रमुख मार्ग से तर्रा पहुंच मार्ग ढाई किलोमीटर की तकरीबन 75 साल से लंबित है. वहीं ग्रामीण शासन-प्रशासन से तकरीबन 20 वर्षों से डामरीकृत मार्ग बनाने मांग कर रहे है. बावजूद इसके शासन-प्रशासन के उदासीन रवैये से आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रमुख मार्ग में चक्का जाम कर दिया है और शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं. वहीं मौके पर पहुंचे जिम्मेदार अधिकारी से गोहार लगा रहे है।



## त्तीसगढ़ में सरकार बनाने जुटी आम आदमी पार्टी

4500 से ज्यादा पदाधिकारियों ने ली शपथ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में राजनीतिक पार्टियों की विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज हो गई है. आम आदमी पार्टी भी दिल्ली और पंजाब के बाद अब छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने की तैयारी में जुट गई है. सक्रिय हो गई है. राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में 4500 से ज्यादा पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई. अपने उद्बोधन में सांसद संदीप पाठक ने बड़ा बयान दिया. उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनी तो छत्तीसगढ़ में वर्तमान से ज्यादा पैसों में धान खरीदी होगी। संदीप पाठक ने मंच से कहा, 2 जुलाई को बिलासपुर में बड़ी रैली होगी. रैली में दिल्ली के सीएम केजरीवाल शामिल होंगे. पंजाब के सीएम भगवत मान भी आएंगे. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आप के दिग्गज नेता जुटे. दिल्ली और पंजाब के नेता भी पहुंचे हैं।

वहीं हजारों की भीड़ भी रही. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद संदीप पाठक ने कहा कि जो नए पाधधिकारी बने हैं उनका शपथ ग्रहण है. आप के पास ससाधन कम



**आप की सरकार बनी तो वर्तमान से ज्यादा दाम में खरीदेंगे धान-संदीप पाठक**

होंगे, इसके बावजूद राजनीति में कूद रहे हैं. राजनीति का मार्ग संघर्ष से जुड़ा हुआ है. ये अद्भुत दृश्य है. यहां जितने बैठे हैं सब देने आए हैं लेने कोई नहीं आया है। सांसद पाठक ने कहा, भाजपा जनता पार्टी हर चुनाव को हार गई. एक मौका केजरीवाल को मिला. अरविंद केजरीवाल आम आदमी के नेता हैं, जिसे देखकर पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी. केजरीवाल के काम को देखकर बार बार सरकार बनी. भाजपा और कांग्रेस को छत्तीसगढ़ में मौका मिला है. छत्तीसगढ में भूपेश बघेल की सरकार ने स्कूल में टाइल्स लगाकर और सफाई करवाकर आत्मानंद स्कूल बनाया है।

## प्रदेश के आठ जिलों के 9 निकायों के 9 वार्ड में होगा उपचुनाव, आयोग ने जारी की अधिसूचना




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश के नगरीय निकायों के उप निर्वाचन के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। उप निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही नगर पालिका के ऐसे क्षेत्र जहां निर्वाचन संपन्न होना है वहाँ निर्वाचन संपन्न होने तक आदर्श आचरण संहिता लागू रहेगी। आयोग से इस संबंध में संबंधित कलेक्टर और ज़िला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) को आदेश जारी कर कार्यक्रम की जानकारी दी गयी है। नगर पालिकाओं के उप निर्वाचन जून 2023 के तहत नगरीय निकायों के पार्षद पदों का निर्वाचन होगा। आयुक्त छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ठाकुर राम सिंह से मिली जानकारी के मुताबिक़ प्रदेश के आठ ज़िलों के नौ नगरीय निकाय के नौ वार्ड में पार्षद का चुनाव किया जाना है। इसमें नगरपालिका परिषद् चांपा जिला-जांजगीर-चांपा, नगर पंचायत खोंगापानी जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, नगर पंचायत खरोरा जिला-रायपुर, नगर पंचायत तुमगांव जिला-महासमुंद, नगर पालिक निगम दुर्ग और नगरपालिका परिषद अहिवारा जिला-दुर्ग, नगरपालिका परिषद बेमेतरा जिला-बेमेतरा, नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी जिला-मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, नगरपालिका परिषद कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव शामिल हैं।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने यह भी बताया है कि जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार 02 जून 2023 को संबंधित ज़िले के ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन तथा स्थानों के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन किया जाएगा।

उसी दिन रिटर्निंग अधिकारी द्वारा मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन तथा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करना प्रारंभ होगा। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा नाम निर्देशन पत्र नौ जून तक लिया जाएगा।

## शराब घोटाले के आरोपियों ने ईडी की कार्रवाई को चुनौती देने वाली याचिका वापस ली

रायपुर। छत्तीसगढ़ के 2000 करोड़ के शराब घोटाले के आरोपियों ने ईडी की कार्रवाई को चुनौती देने वाली याचिका वापस ली । सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते कहा कि- पीएमएलए एक्ट के प्रावधानों को सही ठहराया जा चुका है।



सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते कहा कि- पीएमएलए एक्ट के प्रावधानों को सही ठहराया जा चुका है। फिर भी आरोपी गिरफ्तारी से राहत के लिए उन्हें चुनौती दे रहे हैं, जो न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने शराब में राज्य में 2 हजार करोड़ रुपए से अधिक रुपए के भ्रष्टाचार और मनी लांड्रिंग का दावा किया है। इसमें कांग्रेस के नेता और रायपुर मेयर एजाज ढेबर के भाई अनवर ढेबर को गिरफ्तार किया गया है। ईडी ने दावा किया है कि, राज्य में 2019 से 2022 तक 2 हजार करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है। इसमें राज्य के बड़े नेताओं और अधिकारियों का समर्थन था।

*कच्ची शराब सरकारी शराब दुकान बेचने और इससे मुनाफा कमाने का आरोप अनवर ढेबर पर लगाया गया है। त्रिलोक सिंह ढिल्लों पर आरोप लगे हैं कि, उसने अपने स्वेच्छा से और जानबूझकर अपने बैंक खातों और फर्मों को बड़ी मात्रा में घोटाले पैसे के लिए उपयोग करने की अनुमति दी है। इस मामले में प्रमुख लाभार्थी है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल उनके फर्मों के नाम पर 27.5 करोड़ रुपए की एफडी फ्रिज कर दी है और 52 लाख रुपए नगदी भी जब्त की है।*

## रायपुर की लड़कियों को ठग रहे नाइजीरियन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की लड़कियां इन दिनों नाइजीरियन गैंग के निशाने पर हैं। दिल्ली में रहकर ऑपरेट करने वाले ये ठग रायपुर की लड़कियों को झांसे में ले रहे हैं। सप्ताह भर में ऐसी दो बड़ी वारदातें सामने आ चुकी हैं, जिनमें नाइजीरिया गैंग के लोगों ने यहां की लड़कियों को ठगा और उनसे रुपए ऐंठ लिए। अब एक नए मामले में फिर से पुलिस दिल्ली से नाइजीरिया के शातिर ठगों को गिरफ्तार करके लाई है। गिरफ्तार हुए शातिर का नाम चुकुमा इमेके है। दिल्ली का रहने वाले चुकुमा ने फेसबुक के जरिए रायपुर की लड़की से दोस्ती की। इसने बताया युवती को बताया कि, वह अमेरिका का रहने वाला है और प्रोफेशनल पायलट है। जिसके बाद लड़की भी झांसे में आ गई। कुछ दिनों तक सोशल मीडिया पर हुई



***अमेरिकन प्रेमी की चाहत में युवती हुई शिकार, तुम्हारे लिए गिफ्ट भेज रहा हूं कहकर लिए हजारों रुपए***

बातचीत के बाद मामला वॉट्सऐप पर चैटिंग और कॉल तक जा पहुंचा। लड़की से बात करते हुए चुकुमा ने उसे अपने भरोसे में ले लिया।आरोपी ने कहा, उसे खास तोहफा भेज रहा है। उसने युवती का नंबर अपनी महिला साथी को दिया। महिला ने फोन पर लड़की से कहा, आपके अमेरिकन दोस्त का भेजा तोहफा दुबई एयरपोर्ट से रायपुर भेजा जाएगा।

**महोत्सव...** *कंबोडिया और इंडोनेशिया के दल भी देंगे प्रस्तुति, हर दिन हनुमान चालीसा का होगा सामूहिक पाठ*

## राष्ट्रीय रामायण महोत्सव की तैयारियां पूरी,अरण्य कांड की थीम पर सज रहा मंच

**रायपुर।** ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के रंग में रायगढ़ पूरी तरह रंग गया है। युद्धस्तर पर चलने वाली प्रशासनिक तैयारियों के साथ ही आम जनता में भी महोत्सव को लेकर गजब का उत्साह नजर आ रहा है। आयोजन की सबसे खास बात यह है कि इसका थीम रामायण के अरण्य कांड पर आधारित है। इसके चलते मंच को भी अरण्य कांड की थीम पर ही सजाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर आयोजित इस महोत्सव में अरण्य कांड पर आधारित रामकथा की



प्रस्तुति राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय दलों द्वारा होगी। अरण्य कांड तुलसीदास कृत रामचरितमानस और वाल्मीकि रामायण का ऐसा हिस्सा है जिसमें भगवान श्रीराम के वनवास के दिनों का वृतांत है जिसमें माता सीता और भ्राता लक्ष्मण ने भी उनके साथ वनवास किया था।

छत्तीसगढ़ में ऐसी 9 पुण्यभूमि हैं जो राम-वन-गमन परिपथ में शामिल हैं, जिस पथ से श्रीराम गुजरे थे। दंडक वन में हुई इन घटनाओं को वाल्मीकि रामायण और इसके बाद अनेक भाषाओं में लिखी गई रामायण में अंकित किया गया है। साथ ही विभिन्न कलारूपों में भी यह शामिल हैं। महोत्सव में इंडोनेशिया और कंबोडिया के रामायण दलों द्वारा मंचन भी होगा। कंबोडिया के अंकोर वाट मंदिर और इंडोनेशिया के जावा के मंदिरों में रामायण के रूपों का अंकन किया गया है। इसी के साथ इन्हें ललित कलाओं में भी प्रस्तुत किया गया। रामायण महोत्सव के दौरान दक्षिण पूर्वी एशिया के इन देशों में रामायण के प्रचलित रूपों की झलक मिलेगी।

*अंतरराज्यीय रामायण मंडलियों के मध्य होगी प्रतिस्पर्धा- रामकथा की बहुत सुंदर प्रस्तुति भारत के अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग कलारूपों में होती है। सभी कलारूप बहुत आकर्षक है और सुंदर रामलीला प्रस्तुत करते हैं। विभिन्न राज्यों में कुछ रामायण मंडलियों ने अपनी खास प्रस्तुति से अपना अलग ही मुकाम बनाया है। अरण्य कांड पर इनकी भव्य प्रस्तुति आयोजन की सबसे खास विशेषता होगी। पहले दिन अरण्य कांड पर उत्तराखंड, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ राज्यों में प्रतियोगिता होगी। दूसरे दिन झारखंड, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, ओडिशा, असम, हिमाचल प्रदेश, गोवा और छत्तीसगढ़ राज्य के बीच प्रतियोगिता होगी। समापन समारोह पर विजेता दलों को पुरस्कृत किया जाएगा।*

## दुर्ग जिले में एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने किया पदभार ग्रहण

**दुर्ग।** जिले में नए एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने सोमवार को अपना पदभार ग्रहण किया। एसपी सिन्हा का दुर्ग चौथा जिला है। जहां एसपी के रुप में अपनी जिम्मेदारी संभाल रहे है। इसके पूर्व सुकमा , बिलासपुर, कांकेर में एसपी के रुप में अपनी सेवाएं दे चुके है। एसपी सिन्हा ने सेक्टर 6 स्थित पुलिस कन्ट्रोल रूम में पत्रकारों से भी मुलाकात किया। इस दौरान एसपी शलभ सिन्हा ने बताया कि वे वर्ष 2014 बैच के आईपीएस है। सिन्हा प्रशिक्षु के रुप में पहली बार दुर्ग में ही पोस्टिंग हुई थी। उन्होंने बताया कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था के अलावा अपराधियों में नकेल कसने अभियान चलाया जाएगा। पुलिस





और जनता के बीच की दूरी कम करने का प्रयास होगा। एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने बताया कि बढ़ते साइबर क्राइम को लेकर लोगों में जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। आईपीएस बनने से पहले शलभ सिन्हा बालको में प्राइवेट नौकरी किया करते थे। इनकी शिक्षा दीक्षा कोरबा खुसमुंडा में 12 वीं तक पढ़ाई करने के बाद इंजीनियरिंग की पढ़ाई रायपुर से पूरा किया। चिमनी हादसा में मिला ट्रनिंग प्वाइंट,

एसपी शलभ कुमार सिन्हा बालको को प्राइवेट नौकरी किया करते थे। वर्ष 2009 में चिमनी हादसा हुआ। तब शलभ आईपीएस नहीं थे। हादसे को उन्होने करीब से देखा है। उस दौरान कई बड़े अधिकारियों के कार्य प्रणाली को देखा। इस दौरान नौकरी को छोड़ आईपीएस की तैयारी में जुट गए। पहली बार यूपीएससी की तैयारी में सफल नहीं हो पाए। लेकिन शलभ कुमार सिन्हा की जीके शुरु से बेहतर था।

# गरीबों पर गर्मियों की मार, समाज के सबसे कमजोर लोगों पर ध्यान देने की जरूरत

हर देश की यही कहानी है। अत्यधिक गर्मी खबरों में है, लेकिन अत्यधिक गर्मी का सबसे ज्यादा प्रभाव सबसे कमजोर लोगों पर पड़ता है, इस पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि ध्यान दिया जाना चाहिए, क्योंकि जलवायु परिवर्तन के कारण अत्यधिक गर्मी सबको प्रभावित करती तो है, लेकिन यह सभी को समान रूप से प्रभावित नहीं करती। चूंकि देश के कई हिस्से भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं, ऐसे में, अधिकांश गरीब मजदूर, जो आमतौर पर घरों से बाहर काम करते हैं, गर्मी से मुकाबला करने में दूसरों की तुलना में ज्यादा संवेदनशील होते हैं।

इनमें से अधिकांश के पास वास्तव में कोई विकल्प नहीं होता है। यदि वे काम नहीं करेंगे, तो उनके पास अपने और अपने परिवार के भरण-भोषण के लिए पैसा नहीं होगा। भारत जैसे देश में यह स्थिति बेहद खतरनाक है, जो कम कार्बन वाली अर्थव्यवस्था में खुद को बदलने की कोशिश कर रहा है, लेकिन उसके पास पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा नहीं है। हममें से खासकर उन्हें यह समझना चाहिए, जिनके पास अपने दिन का अधिकांश समय घर के अंदर, वातानुकूलित वातावरण में बिताने का विकल्प और सुविधा है। इसे व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखने की जरूरत है। एशिया एवं प्रशांत ऐसे क्षेत्र हैं, जहां कुछ इलाके गर्मी के उच्च जोखिम वाले हैं। इनकी आबादी बहुत विशाल है, कृषि क्षेत्र में श्रमिकों की एक बड़ी संख्या लगी हुई है और निर्माण श्रमिकों की हिस्सेदारी में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। यह सब तब हो रहा है, जब गर्मी के बढ़ते स्तर को सहने के लिए उपलब्ध संसाधन कई जगहों पर सीमित हैं।

नतीजतन, श्रम उत्पादकता पर गर्मी का प्रभाव पहले से ही काफी ज्यादा है और इसके और भी अधिक होने की आशंका है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार, गर्मी से सबसे ज्यादा प्रभावित देश भारत है, जिसने 1995 में 4.3 प्रतिशत काम के घंटे गंवा दिए और 2030 में जहां 5.8 प्रतिशत काम के घंटे कम होने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है, अपनी बड़ी आबादी के कारण भारत को गर्मी के चलते 2030 में 3.4 करोड़ पूर्णकालिक नौकरियों के बराबर काम के घंटे गंवाने की आशंका है। हम इसके लिए कितने तैयार हैं? भारत के पास हीट ऐक्शन प्लान (एचएपी) है। वर्ष 2013 में अहमदाबाद देश में पहली बार एचएपी के साथ



अत्यधिक गर्मी सबको प्रभावित करती है, लेकिन यह उन श्रमिकों को ज्यादा प्रभावित करती है, जो आमतौर पर घरों से बाहर काम करते हैं। हमारे देश में इससे निपटने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, लेकिन इनमें से ज्यादातर स्थानीय जरूरतों के अनुरूप नहीं हैं और कम वित्तपोषित हैं।

सामने आया। वर्ष 2010 में अहमदाबाद में भीषण गर्मी के चलते 1,344 लोग मारे गए थे। उस घटना ने अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) को इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ-गांधीनगर (आईआईपीएच-जी) और अमेरिकी नेचुरल रिसोर्सेज डिफेंस काउंसिल (एनआरडीसी) के विशेषज्ञों के साथ मिलकर अत्यधिक गर्मी से निपटने के लिए एक योजना विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

दस वर्ष बाद देश में कई हीट ऐक्शन प्लान हैं। पहली बार अहमदाबाद में आजमाई गई कई अच्छी प्रथाओं को दोहराया जा रहा है। उदाहरण के लिए, तेलंगाना ठंडी छत नीति (कूल रूफ पॉलिसी)-2023-2028 पेश करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। ठंडी छत ऐसी सामग्रियों से निर्मित होती है, जो कम गर्मी को बरकरार रखती है और सूर्य की धूप को बहुत ज्यादा अवशोषित करके पारंपरिक छतों की तुलना में घर को ठंडा रखती है। जैसा कि विशेषज्ञ बताते हैं, ये छतें ऐसी सामग्रियों से बनी और ढकी होती हैं, जिनमें छतों को पूरे दिन ठंडा रखने और इमारतों को आरामदायक बनाने की विशेषताएं होती हैं। ठंडी छतें काफी सस्ती और एयर कंडीशनर की तुलना में ज्यादा पर्यावरण अनुकूल होती हैं। लेकिन अब जबकि भारत पहले एचएपी के बाद से एक लंबा सफर तय कर चुका है, अत्यधिक गर्मी से निपटने में कमियां बरकरार हैं। एक प्रमुख मुद्दा कमजोर समूहों के लिए पर्याप्त स्थानीयकृत प्रतिक्रिया की कमी है। हाल ही में एक अध्ययन हुआ है, जिसका शीर्षक है-हाउ इज इंडिया एडॉप्टिंग टू हीटवेव्स? एक प्रमुख भारतीय थिंक टैंक सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च के आदित्य पिल्लई और तमन्ना दलाल द्वारा ट्रांसफॉर्मेटिव क्लाइमेट ऐक्शन के लिए अंतर्दृष्टि के साथ हीट ऐक्शन प्लान का आकलन किया गया है, जो इसके साथ अन्य खामियों को चिह्नित करता है। इन लेखकों ने 18 राज्यों में नौ शहर, 13 जिले और 15 राज्य स्तरीय 37 हीट ऐक्शन प्लान का विश्लेषण किया। वे बताते हैं कि ज्यादातर हीट ऐक्शन प्लान स्थानीय जरूरतों के अनुरूप तैयार नहीं किए गए हैं और आपदा के बारे में अति सरलीकृत दृष्टिकोण रखते हैं। देश के ज्यादातर हीट ऐक्शन प्लान कम वित्तपोषित भी हैं, जिसका मतलब है कि मनरेगा कार्य स्थलों पर श्रमिकों के लिए विश्राम की जगह और पेयजल की सुविधाओं के लिए पर्याप्त पैसा नहीं है। यह उन लोगों के लिए भी सच है, जो बाहर काम करने को मजबूर हैं। हालांकि इससे संबंधित तमाम खबरें बुरी ही नहीं हैं। मसलन, हीट ऐक्शन प्लान का नेतृत्व करने वाले गुजरात ने अब महिला श्रमिकों की सुरक्षा के लिए देश में अपनी तरह का पहला एक्स्ट्रीम हीट माइक्रो इंश्योरेंस लॉन्च किया है। विगत फरवरी में अमेरिका स्थित एड्रिएन अर्श-रॉकफेलर फाउंडेशन रेजिलिएंस सेंटर (अर्श-रॉक) सेल्फ एम्प्लॉएड वुमेन एसोसिएशन (सेवा) के साथ साझेदारी में 25 लाख महिला सदस्यों वाले 50 साल पुराने भारतीय ट्रेड यूनियन और ब्ल्यू मार्बल (निजी कंपनी) ने एक्स्ट्रीम हीट माइक्रो इंश्योरेंस की घोषणा की, जो भारत में महिलाओं को अत्यधिक गर्मी के कारण अपनी खोई हुई मजदूरी की वसूली में मदद करने वाली एक नई और सूक्ष्म बीमा योजना है।

पत्रलेखा चटर्जी

## संपादकीय

### संसद सबका गौरव है


सत्ताधारी दल के समर्थकों का बड़ा वर्ग भले संसद भवन पर गर्व करे, लेकिन विपक्ष समर्थक और बहुत से निष्पक्ष लोगों के लिए ऐसा करना फिलहाल संभव नहीं हुआ है। मगर यह सूरत बदल सकती है, अगर सरकार संसदीय परंपराओं का सम्मान करती दिखे। नए संसद भवन के उद्घाटन से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस नई इमारत पर देश के हर नागरिक को गर्व होगा। अब प्रधानमंत्री के पास अपने इस कथन को सचमुच सार्थक और सच साबित करने का मौका है। लेकिन इसके लिए उनकी सरकार को अपने चाल-व्यवहार और सोच में कुछ परिवर्तन लाने होंगे। उसे सबसे पहले तो यह बात आत्म-सात करनी होगी कि किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में जन-प्रतिनिधित्व की सबसे ऊंची संस्था पर लोग गर्व करते हैं- यह बात ज्यादा मायने नहीं रखती कि वह संस्था कैसी और किस इमारत से अपना काम करती है। ऐसी संस्था से आम जन को कुछ वाजिब उम्मीदें होती हैं। संसद को क्या करना चाहिए और उससे क्या उम्मीद रखी जानी चाहिए, इसका विस्तृत वर्णन भारतीय संविधान में भी किया गया है। बहरहाल, सबसे पहली बात तो यह है कि सरकार को- चाहे कितना बड़ा ही बहुमत क्यों ना हासिल हो- संसद का सम्मान करना चाहिए: ठीक वैसा ही सम्मान जैसा नौ साल पहले प्रधानमंत्री निर्वाचित होने के बाद संसद की सीढ़ियों पर मत्था टेक कर जताया था। लेकिन उसके बाद उनकी सरकार ने संसदीय समितियों से लेकर प्रश्न काल और अपेक्षित बहसों को लेकर एक तरह का तृरस्कार का रुख अपनाए रखा है।

# विपक्ष ने देश की संसद से ज्यादा अपनी एकजुटता को तवज्जो दी

*संविधान निर्माताओं ने संसद भवन को भारतीय लोकतंत्र का पवित्र स्थान मानते हुए जिस संविधान का गठन किया था, उस वक्त उन्हें भी इस बात का अंदाजा नहीं होगा कि यह भवन देश के अमन और तरक्की के रास्ते पर चलते हुए विश्व में लोकतांत्रिक आदर्शों पर चलने की बजाय राजनीति का शर्मसार करने वाला अखाड़ा बन जाएगा। पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की सदस्यता के विवाद और अब संसद की नई इमारत सत्ता पक्ष और विपक्ष में फजीहत का कारण बन गई है।*

सत्तापक्ष और विपक्ष में नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर आई कड़ुवाहट से विश्व में भारत की छवि प्रभावित हो रही है। सत्ता पक्ष और विपक्ष में तीखी टकराहट का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले विपक्षी दलों पर ईडी और सीबीआई की कार्रवाई के कारण भी ऐसा नजारा देखने को मिला था। हालांकि इस मुद्दे पर विपक्ष को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिल सकी, किन्तु भाजपा और विपक्षी पार्टियों में तल्खी और बढ़ गई।

नये संसद भवन को लेकर सियासी घमासान छिड़ा हुआ है जो कम होने का नाम नहीं ले रहा है। विपक्ष ने नई संसद के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किया, इस बहिष्कार में भी कई दलों में एकता दिख रही है, दरअसल विपक्ष अलग-अलग मुद्दों के जरिए 2024 के चुनाव में एकजुट होकर बीजेपी की ओर चुनावी तीर चलाना चाहता है। यह नया संसद



विपक्ष ने नई संसद के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किया, इस बहिष्कार में भी कई दलों में एकता दिख रही है, दरअसल विपक्ष अलग-अलग मुद्दों के जरिए 2024 के चुनाव में एकजुट होकर बीजेपी की ओर चुनावी तीर चलाना चाहता है।

भवन सरकार और विपक्ष के बीच कटुता की एक नई इमारत के रूप में खुल रहा है। ऐसे संकेत हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव तक यह दरार और चौड़ी हो सकती है। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। समूचा विपक्ष राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से उद्घाटन कराने पर जोर देते हुए समारोह के बहिष्कार पर अड़ा रहा। खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी को कहा कि आपकी सरकार के अहंकार ने संसदीय प्रणाली को ध्वस्त कर दिया है। महामहिम राष्ट्रपति का पद संसद का प्रथम अंग है। सरकार के अहंकार ने संसदीय प्रणाली को ध्वस्त कर दिया है। राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर ट्वीट किया कि नए संसद भवन का राष्ट्रपति को उद्घाटन करना चाहिए, न कि पीएम को। गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के बहिष्कार को लेकर कहा कि आप इसे राजनीति के साथ मत जोड़िये। सब अपने विवेक के हिसाब से काम कर रहे हैं। भाजपा ने भी कांग्रेस और दूसरे राज्यों की सरकारों के समय हुए ऐसे उद्घाटनों की फेहरिस्त गिनाई है, जिनमें राष्ट्रपति या राज्यपाल को आमंत्रित नहीं किया गया। नए संसद भवन का पीएम मोदी से उद्घाटन को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत 19 विपक्षी दलों ने बहिष्कार किया। सभी दल अपनी सुविधा अनुसार और वोटों के समीकरण के आधार पर विरोध-समर्थन कर रहे थे। सभी की निगाहें 2024 के लोकसभा चुनावों के साथ-साथ आगामी राज्य चुनावों पर भी टिकी हैं। कांग्रेस को एससी, एसटी और पिछड़ों को लुभा कर 2024 में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह उनका मजबूत वोट बैंक रहा है और कर्नाटक में भी यह उनके पक्ष में गया। माना जा रहा है कि इसलिए बहिष्कार की राजनीति में यह मोड़ आया।

नए संसद भवन के बहिष्कार के मुद्दे पर कांग्रेस, टीएमसी, समाजवादी पार्टी (सपा) और आप सहित 19 विपक्षी दलों ने हाथ मिलाने का फैसला किया है। वैसे इस बात पर भी आश्चर्य नहीं कि तेलुगु देशम पार्टी, वाईएसआर कांग्रेस और बीजू जनता दल जैसे अन्य विपक्षी दलों ने इस उद्घाटन समारोह में हिस्सा लिया। ये पार्टियां काफी लंबे समय से बीजेपी के करीब चल रही हैं और टीडीपी निश्चित रूप से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में फिर से शामिल होने की उम्मीद में बीजेपी के करीब आ रही है। नए भवन के उद्घाटन से पहले एक छोटा-सा हवन किया गया ।

योगेंद्र योगी

## मिला जुला

### एक नजर

#### दिल्ली शराब नीति केस, सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज



**नई दिल्ली** दिल्ली हाईकोर्ट ने शराब नीति केस में मंगलवार को मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी। CBI के भ्रष्टाचार मामले में कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि सिसोदिया एक पावरफुल इंसान हैं और वे बाहर आएंगे तो गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ अब सिसोदिया सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगे। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान जस्टिस दिनेश शर्मा ने कहा- सिसोदिया पर आरोप है कि दिल्ली की शराब नीति साउथ ग्रुप के इशारे पर उन्हें अनुचित लाभ देने के इरादे से बनाई गई थी। ये बेहद गंभीर मामला है। कोर्ट ने कहा कि सिसोदिया एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और जमानत पर रिहा होने पर गवाहों को प्रभावित किए जाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

#### पाकिस्तान की जेल में भारतीय मछुआरे की मौत



**पाकिस्तान** की जेल में बंद एक और भारतीय मछुआरे बालू जेठा की मौत हो गई। मामला 28 मई का है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जेठा ने अपनी सजा पूरी कर ली थी और उसे रिहाई का इंतजार था, लेकिन इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। पिछले 2 महीनों में ये इस तरह का चौथा मामला है। इंडिया टुडे के मुताबिक, पाकिस्तान ने सजा पूरी करने के बाद भी 400 से ज्यादा भारतीयों को गैरकानूनी तरह से अपनी कैद में रखा हुआ है।


# देश के 9 राज्यों में बदला मौसम, दिल्ली में बारिश

## राजस्थान में 15 दिन में 20 की मौत, ऐसा 15 साल में पहली बार

**नई दिल्ली ए.।** राजस्थान, एमपी और दिल्ली समेत 9 राज्यों में मंगलवार को मौसम बदल गया। दिल्ली में शाम को तेज आंधी से साथ बारिश हो रही है। MP में भी बूंदाबांदी हुई है। राजस्थान में पिछले तीन दिन बारिश से जुड़ी घटनाओं में 20 लोगों की मौत हो गई है। मई के महीने में पिछले 15 सालों में ऐसा पहली बार हुआ। पिछले 24 घंटों में राज्य के 10 जिलों में आंधी चली। इससे कई जगह भारी नुकसान हुआ।

उधर, IMD ने बताया कि आज देर रात तक राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में हल्की से भारी बारिश होने के आसार हैं। वहीं, दिल्ली में 4 जून तक हल्की और तेज बारिश हो सकती है।



### राजस्थान- 26 जिलों के लिए भारी 24 घंटे, तूफान-बारिश का अलर्ट

राजस्थान में आंधी-बारिश का सिलसिला लगातार जारी है। जोधपुर, जयपुर संभाग में बदले मौसम का असर सबसे अधिक देखने को मिल रहा है। यहां तेज बारिश और हवा की रफ्तार जानलेवा साबित हो रही है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 26 जिलों में अगले 24 घंटे तेज बारिश और तूफान का अलर्ट जारी किया है। लगातार हो रही बारिश के कारण जयपुर समेत कई इलाकों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री के करीब पहुंच गया है। दिन के तापमान में 12 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है।

बाड़मेर में मंगलवार सुबह 4 बजे 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से धूल भरी आंधी चली। लोगों ने कहा- कुछ समय तक सांस लेना मुश्किल हो गया।

मध्यप्रदेश में बेमौसम बारिश का दौर जारी है। मंगलवार को भी प्रदेश के कई हिस्सों में तेज आंधी के साथ पानी गिरा। कुछ इलाकों में ओले भी गिरे है। राजधानी भोपाल में दोपहर बाद बादल छा गए और शाम को बारिश होने लगी। ग्वालियर में तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे। वहीं रतलाम के जावरा, मंदसौर, नीमच, गुना, राजगढ़ और भिंड में दोपहर को तेज बारिश हुई। श्योपुर में तो नदी नाले उफान पर आ गए।

# कांग्रेस विधायक व करीबियों पर ईडी का छापा

**रांची ए.।** ईडी ने मंगलवार की सुबह कांग्रेस के पोड़ैयाहाट से विधायक प्रदीप यादव व उनके करीबियों के एक दर्जन से भी ज्यादा ठिकानों पर एकसाथ छापेमारी है। इनमें से कम से कम 10 ठिकाने रांची में हैं।

यह छापेमारी आयकर से जुड़े मामले में की जा रही है। इससे पहले चार नवंबर 2022 को विधायक प्रदीप यादव और बेरमो के विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह के ठिकानों पर इनकम टैक्स डिपॉर्टमेंट ने छापेमारी की थी। प्रदीप यादव के गोड्डा स्थित आवास पर छापेमारी के दौरान कई दस्तावेज बरामद किए गये थे।




*इन दस्तावेजों की जांच के बाद आयकर विभाग ने केस को ईडी को रेफर कर दिया था। जब इस मामले में नये तथ्य सामने आये, तो अब फिर ईडी की टीम छापेमारी कर रही है। विधायक प्रदीप यादव के साथ ईडी की टीम बिल्डर शिवकुमार के ठिकानों पर भी पहुंची है। बताया जा रहा है कि जमीन घोटाला मामले में बिल्डर शिवकुमार की भूमिका संदिग्ध रही है।*

## डैम से पानी निकालने वाले फूड इंस्पेक्टर को मिला रिकवरी का नोटिस

10 दिन में जमा करनी होगी राशि

**कांकेर.** डैम से पानी निकलने वाले फूड इंस्पेक्टर राजेश विश्वास को रिकवरी का नोटिस जारी किया गया है. बिना अनुमति 4104 घन मीटर पानी निकाला गया था. विभागीय जल दर के अनुसार ये रिकवरी 53,092 रुपये की होगी. नोटिस में 10 दिन के भीतर राशि जमा करनी होगी. जल संसाधन उप संभाग कापसी ने जारी किया है रिकवरी का नोटिस।



खाद्य निरीक्षक अधिकारी



## CDS बोले- मणिपुर हिंसा जातीय संघर्ष, उग्रवाद नहीं

# हालात ठीक होने में समय लगेगा

**इंफाल.** मणिपुर में 3 मई से जारी हिंसा के बीच चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को पुणे में कहा कि राज्य में हालात सामान्य होने में थोड़ा वक्त लगेगा। जनरल चौहान ने कहा- राज्य में हिंसा दो जातियों के बीच संघर्ष का परिणाम है और इसका उग्रवाद से कोई लेना-देना नहीं है। यह कानून-व्यवस्था का मामला है। हम राज्य सरकार की मदद कर रहे हैं। 28 मई को मणिपुर के




मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बताया था कि राज्य में हिंसा शुरू होने के बाद पुलिस एनकाउंटर में 40 लोग मारे गए हैं। CM ने इन्हें मिलिटेंट बताया था। मुख्यमंत्री ने कहा था कि हिंसा में शामिल मिलिटेंट आम नागरिकों के खिलाफ एम-16, एके-47 असॉल्ट राइफलों और स्नाइपर गन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### अमित शाह इंफाल में, 1 जून तक रहेंगे

गृह मंत्री अमित शाह 29 मई को मणिपुर की राजधानी इंफाल पहुंचे। वे यहां 1 जून तक रहेंगे। देर रात उन्होंने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह, मंत्रियों और अधिकारियों के साथ मीटिंग की।

# जम्मू में पुल से गिरी बस, 10 की मौत, 57 घायल

**श्रीनगर.** जम्मू में कटरा से करीब 15 किमी दूर झज्जर कोटली के पास मंगलवार सुबह एक बस पुल से नीचे गिर गई। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई और 57 घायल हैं। मौके पर स्थानीय लोग, CRPF और SDRF ने रेस्क्यू चलाया और घायलों को अस्पताल भेजा। यह बस अमृतसर से वैष्णो देवी जा रही थी। इसमें 75 यात्री सवार थे। सभी बिहार के रहने वाले थे। जम्मू के डिप्टी कमिशनर अवनी लवासा ने बताया कि इस हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। अन्य लोगों को हल्की चोटें आई हैं। गंभीर रूप से घायल



लोगों को त्वरित जम्मू में भर्ती कराया गया है। अन्य घायलों का स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में इलाज किया गया।

### ब्रेक फेल होने के कारण हुआ हादसा

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसे का कारण बस की ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। ब्रेक फेल होने के बाद बस ने अपना संतुलन खो दिया और झझर कोटली पुल से नीचे गिर गई। CRPF के असिस्टेंट कमांडेंट अशोक चौधरी ने बताया कि यात्री कटरा जाते समय शायद रास्ता भूल गए और यहां पहुंच गए। इस हादसे में बचाव कार्य के लिए क्रेन लाई जा रही है। जिससे यह देखा जा सके कि बस के नीचे कोई फंसा तो नहीं है। जम्मू के स्स्कचंदन कोहली ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है। सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। बस में क्षमता से अधिक यात्री सवार थे। मामले की जांच के दौरान इसकी भी जांच की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, मरने वाले सभी एक ही परिवार के हैं और अमृतसर में फतेहगढ़ चूड़िया रोड के रहने वाले हैं। घर में बेटे के मुंडन के लिए वे वैष्णो देवी दर्शन के लिए रवाना हुए थे। घटना के बाद मृतकों के परिजन जम्मू के लिए रवाना हो गए हैं।

# प्रभारी मंत्री डॉ.टेकाम ने ली विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

## स्कूल जतन योजना के तहत किए जा रहे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





स्कूल शिक्षा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम आज जिले प्रवास के दौरान विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार उपस्थित रहे। इसके अलावा उन्होंने जिले में होने वाले राष्ट्रीय रामायण महोत्सव की तैयारियों का निरीक्षण किया। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री डॉ.टेकाम ने विभागीय अधिकारियों से विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं वर्तमान कार्यों के अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने पीएचई को वर्तमान में पेयजल की स्थिति की जानकारी ली। विभागीय अधिकारी ने बताया की जिले में गर्मी में पेयजल समस्या के निदान हेतु ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल, हैंड पंप सुधार के लिए अधिकारी तैनात है। साथ ही जल जीवन मिशन का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। नए नलकूप खनन के साथ ही जल संरक्षण एवं भू-जल स्तर के सुधार के लिए अमृत सरोवर अंतर्गत तालाबों का गहरीकरण सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री टेकाम ने सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए, जिले के विभिन्न सड़कों के कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सड़क निर्माण को प्राथमिकता से करते हुए अति शीघ्र कार्यों को पूर्ण करने को कहा। इस दौरान उन्होंने शासन की महत्वपूर्ण स्कूल जतन योजना की गहन समीक्षा करते हुए सभी स्कूलों में रंग-रोगन, मरम्मत के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्कूलों को गोबर पेंट से पेंट करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल निर्माण के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि नए सत्र में बच्चे बेहतर स्कूल में पढ़ाई कर सके। उन्होंने शिक्षा विभाग से बच्चों के पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश की जानकारी ली। विभागीय अधिकारी ने बताया कि डिमांड के अनुसार पूरा प्राप्त हो चुका है। इसी प्रकार उन्होंने खाद, बीज, गोधन न्याय योजना की भी समीक्षा की। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि खाद उपलब्ध है, इसके साथ वर्मी का सोसाइटी में भंडारण किया जा रहा है। गोधन के संबंध में विभागीय अधिकारी ने बताया की गोठान में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां समूह के माध्यम से संचालित की जा रही है। इसके अलावा 7 ब्लॉक में 14 रीपा गोठान तैयार किए गए है। वही गोठान में गौमूत्र खरीदी भी की जा रही हैं, जिससे ब्रह्मास्त्र, जीवामृत बनाया जा रहा है। प्रभारी मंत्री टेकाम ने राजीव युवा मितान के क्रियाकलापों की जानकारी ली। संबधित अधिकारी ने बताया की युवा मितान के सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित की जा रही है। इस दौरान कलेक्टर सिन्हा ने बताया की जिला लाइब्रेरी की तरह ब्लॉक लेवल पर लाइब्रेरी बनाई जा रही है। इसी प्रकार कृषि विभाग द्वारा बताया कि वर्तमान में रागी क्षेत्र विस्तार पर कार्य किया जायेगा एवं लैलूंगा के जवाफुल चावल पर विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। इस दौरान प्रभारी मंत्री डॉ.टेकाम ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की जानकारी ली। सीएमएचओ ने बताया कि नियमित रूप से हॉट-बाजार का संचालन किया जा रहा है। पिछले वर्ष लगभग डेढ़ लाख लोग लाभान्वित थे, जो पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष दो से तीन गुना अधिक लाभान्वित हुए है। परिवहन अधिकारी ने बताया की जिले के फ्लाई ऐश, अवैध खनन और परिवहन पर कार्यवाही हेतु आरटीओ, खनन, पुलिस एवं पर्यावरण की संयुक्त टीम बनाई गई हैं। जो मानकों का पालन नहीं करने वाले वाहनों पर कार्यवाही कर रही है। सहायक आयुक्त आदिम जाति ने बताया कि जिले के छात्रावासों को बेहतर करने के लिए कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही आदिवासी बाहुल्य सुदूर क्षेत्रों के कन्या छात्रावास में सोलर पैनल लगाने का कार्य किया जा रहा है, ताकि छात्राओं को सुविधा हो सके। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, नगर निगम आयुक्त श्री संबित मिश्रा, सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्कूलों का किया निरीक्षण, जिला ग्रंथालय की सराहना
### राष्ट्रीय रामायण महोत्सव की तैयारियों के संबंध में ली जानकारी

### स्कूलों का किए निरीक्षण, जिला लाइब्रेरी की सराहना की

प्रभारी मंत्री डॉ.टेकाम ने आज शहर के नटवर स्कूल उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम एवं इंद्रा कन्या प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। उन्होंने कन्या शाला में चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों का अवलोकन कर कार्यों की गुणवत्ता में विशेष ध्यान देने एवं प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने नटवर स्कूल में किए जा रहे गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक के वितरण का निरीक्षण किया एवं नियत समय में वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री डॉ.टेकाम जिला ग्रंथालय भी पहुंचे, जहां उन्होंने लाइब्रेरी में बैठक व्यवस्था एवं प्रतियोगिता परीक्षा के लिए अनुकूल वातावरण देख जिला ग्रंथालय की सराहना की। उन्होंने स्कूलों एवं सभी शैक्षणिक संस्थाओं के कार्यों में गुणवत्ता, साफ-सफाई, शौचालय निर्माण, पेयजल जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश डीआईओ को दिए।

### राष्ट्रीय रामायण महोत्सव की तैयारियों का किया निरीक्षण

प्रभारी मंत्री डॉ.टेकाम अपने रायगढ़ प्रवास के दौरान आगामी 1 से 3 जून तक होने जा रहे अंतर्राष्ट्रीय रामायण महोत्सव की तैयारियों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने तैयारियों के संबंध में अधिकारियों की समीक्षा बैठक भी ली। उन्होंने विभागीय बैठक में अधिकारियों से प्रतिभागी रामायण मंडलियों की जानकारी लेते हुए उनके रूकने संबंधी व्यवस्था के संबंध में चर्चा की। उन्होंने श्रद्धालुओं के पेयजल तथा पार्किंग के संबंध आवश्यक निर्देश दिए।

## समाचार सार

### फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा अर्हता तिथि 01.10.2023 के संदर्भ में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके तहत विधानसभा क्षेत्रों में स्थापित समस्त मतदान केन्द्रों में बूथ लेबल अधिकारियों द्वारा वर्तमान में प्रचलित मतदाता सूची के साथ मतदान केन्द्र क्षेत्र में 25 मई से घर-घर सर्वे का कार्य किया जा रहा है जो 23 जून 2023 तक चलेगा। एकीकृत मतदाता सूची का प्रकाशन 2 अगस्त एवं दावा-आपत्तियां दर्ज करने की तिथि 2 अगस्त से 31 अगस्त 2023 निर्धारित है। द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अवधि के दौरान समस्त मतदान केन्द्रों में 12, 13 एवं 19 तथा 20 अगस्त को विशेष शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। दावा/आपत्तियों का निराकरण 22 सितम्बर एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर 2023 को किया जाएगा। आयोग के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ऐसे व्यक्ति जिनकी उम्र 01.10.2023 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण हो रहे हो वे मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने हेतु फार्म 6 भर सकते है इसके साथ ही ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो गई हो, अन्यत्र चले गये हो, मतदाता सूची में डबल नाम हो वे नाम विलोपित करने के लिए फार्म 7 और मतदाता सूची में अपना नाम, पता, जन्म तिथि इत्यादि की सुधार व नये मतदाता परिचय पत्र प्राप्त करने के लिए फार्म 8 भर सकते है। मतदातागण फार्म 6, 7, 8 संबंधित मतदान केन्द्रों के बूथ लेबल अधिकारी के माध्यम से ऑनलाईन फार्म भर सकते है तथा स्वयं भी वोटर हेल्प लाईन एप के माध्यम से फार्म ऑनलाईन भर सकते है।

### रायगढ़ लाईवलीहुड कॉलेज में नि:शुल्क 15 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु 3 जून तक करा सकते है पंजीयन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ लाईवलीहुड कॉलेज द्वारा आजीविका विकास कार्यक्रम के तहत रोजगार/स्वरोजगार की संभावनाओं के आधार पर हितग्राहियों को लघु अवधि का प्रशिक्षण प्रदान कर आजीविका से जोड़ने हेतु विभिन्न कोर्स में नि:शुल्क 15 दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। हितग्राही की न्यूनतम एवं अधिकतम शैक्षणिक योग्यता/आयु की बाध्यता नहीं है। प्रशिक्षण पूर्णत: नि:शुल्क होगी। इच्छुक युवक-युवतियां लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास, अग्रसेन आईटीआई के बगल में, उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ में समस्त दस्तावेजों के साथ दिनांक 3 जून 2023 तक पंजीयन करवा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु लाईवलीहुड कॉलेज रायगढ़ के मोबाईल नं 6264131256 से संपर्क कर सकते हैं।

### छत्तीसगढ़ में शोले का वीरू- प्यार में पड़े युवक ने किया हाईविल्टेज ड्रामा, चढ़ा पानी टंकी मे

**अंबिकापुर।** शोले फिल्म में जिस तरह वीरू प्यार की खातिर पानी की टंकी पर चढ़ गया था। ऐसा ही एक मामला छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से सामने आया है। यहां पर एक युवक प्रेम प्रसंग के चलते पानी की टंकी पर चढ़ गया और आत्महत्या करने की कोशिश की, घंटो तक युवक का हाईविल्टेज ड्रामा चलता रहा। बता दें सिरफिरा युवक ग्राम पहाड़ चिरगा के पानी टंकी में चढ़ा था और वो खुद ग्राम गोविन्दपुर का रहने वाला है। हालांकि जब पुलिस ने उस समझाया तब जाकर वो पानी की टंक सी उतर गया। युवक के हाईविल्टेज ड्रामा का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यह पूरा मामला बतौली थाना क्षेत्र के पहाड़ चिरगा का है। इस खबर पर लगातार अपडेट जारी है।



## दशगात्र कार्यक्रम से लौट रहे कार सवारों को हाइवा ने मारी ठोकर, 4 की हालत नाजुक



**जांजगीर चांपा।** जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के मुड़पार गांव में दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने आए कार सवार 4 लोगों को तेज रफ्तार हाइवा गाड़ी ने ठोकर मार दी। इस हादसे में चारों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के खरौद के अस्पताल से बिलासपुर रेफर किया गया है। मामले में शिवरीनारायण पुलिस ने हाइवा वाहन चालक के खिलाफ आईपीसी की धारा 279, 337 के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ससहा के देवनारायण वैष्णव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि रजगामार कोरबा निवासी उसका साला अजय दास वैष्णव, अपनी कार क्रमांक ष्ठत्र 12ंरु9341 में अपने दोस्त रोहन राठौर, गंगा प्रसाद केंवट, विकास केंवट के साथ दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने कनस्दा गांव आए थे। शिवरीनारायण से पेट्रोल भरवाकर वापस कनस्दा जा रहे थे, तभी मुड़पार गांव में सामने से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा क्रमांक ष्ठत्र 11ंक्त8681 ने ठोकर मार दी। इस ठोकर में चारों लोग अजय दास वैष्णव, रोहन राठौर, गंगा प्रसाद केंवट, विकास को गंभीर चोट आई है, जिन्हें इलाज के लिए खरौद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर किया गया है। फिलहाल, मामले में शिवरीनारायण पुलिस ने हाइवा वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है और जांच में जुटी हुई है।

### तेज रफ्तार माजदा हुआ हादसे का शिकार, ड्राइवर की हालत नाजुक

**लोरमी ।** छत्तीसगढ़ में होते सड़क हादसे कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। लोरमी इलाके में भी हुए एक सड़क हादसे में चालक बुरी तरह से घायल हो गया है। घटना लोरमी के तहसील कार्यालय के सामने हुई है। बताया जा रहा है कि डोंगरियां की ओर से तेज रफ्तार माजदा वाहन लोरमी की ओर आ रहा था।

## चिरायु योजना से हुआ नन्हें बालक वेद के हर्निया का सफल ऑपरेशन

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के दिशा निर्देशन में जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 7 चिरायु टीमों के द्वारा लगातार भ्रमण कर आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है। जिसमें चिन्हित बच्चों को स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है। चिरायु टीम को सारंगढ़ तहसील के ग्राम अमझर में 1 वर्ष के बच्चे वेद प्रकाश, जो कि हर्निया से पीड़ित मिला। हर्निया की वजह से, रोने या पेट पर जोर देने के दौरान ऊसन्धि पेट और जांघ के बीच का भाग या अंडकोश की थैली में सूजन या उभार दिखाई देती है। बच्चों को नहलाते समय,यह संयोग से देखा जा सकता है और जब बच्चा आराम कर रहा होए तो यह उभार कम हो सकता है या फिर हो सकता है दिखे ही न। यह सूजन आमतौर पर स्थाई नहीं होता है और इससे बच्चे को कोई दिक्कत भी नहीं होती है। हर्निया बच्चों में होने वाली सबसे आम सर्जिकल समस्या है। यह 1.4: बच्चों में होती है। इंग्वाईनल हर्निया के लगभग 80.90: मामले लड़कों में दिखाई देते हैं। यह ज्यादातर दाहिनी ओर होते हैं। लेकिन लगभग 10 प्रतिशत मामलों में, यह दोनों तरफ होते हैं। समय से पहले पैदा होने वाले शिशुओं में हर्निया की समस्या ज्यादा होती है। ज्यादातर बच्चों में जन्म के दो साल के अंदर ही हर्निया दिखाई देता है। लेकिन बाद के सालों में भी हर्निया दिखाई दे सकता है। चिरायु टीम सारंगढ़ द्वारा 22 मई 2023 को चिन्हांकन के पश्चात तत्काल डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रायपुर रिफर कर 24 मई 2023 को भर्ती कराया गया। समस्त प्रकार के जांच के बाद अगले ही दिन ऑपरेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। बच्चा अभी बिलकुल स्वस्थ है। 2 दिनों तक ऑब्जर्वेशन में रखने के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज की गई है। यदि यहीं ऑपरेशनए निजी खर्च में होता तो लाख से अधिक रुपए खर्च हो जाते। लेकिन आयुष्मान भारत के तहत चिरायु योजना से यह पूर्णत: नि:शुल्क ऑपरेशन हुआ है। बच्चे का हीमोग्लोबिन स्तर 9 ग्राम था अत: ऑपरेशन के पहले 300 मिली रक्त भी उपलब्ध कराया गया। इस कार्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफआर निराला, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन एल इजरदार व जिला नोडल अधिकारी चिरायु डॉ. प्रभुदयाल खरे का मार्गदर्शन रहा है। साथ ही चिरायु टीम के डॉ बद्री विशाल, डॉ बबिता, डॉ नम्रता, डॉ प्रभा, हिंगलेश्वरी, योगेश चन्द्रम, मोंगरा का सहयोग रहा है। स्वास्थ्य विभाग के आर एच ओ कृष्णा पटेल और पुरुषोत्तम साहू का अथक प्रयास रहा है। नन्हें बालक वेद के माता-पिता ने चिरायु टीम की इस त्वरित कार्य और सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## आत्मनिर्भर गांव की कल्पना हो रही है साकार

**बलौदाबाजार ।** छत्तीसगढ़ शासन की गौठान को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा बनाने की परिकल्पना अब साकार होने लगें है साथ ही इसके सकारात्मक परिणाम भी मिलने लगें है। कभी दूसरे राज्यों में काम की तलाश में जाने वाली महिलाएं अब गांव के गौठान में पेंट बनाकर आर्थिक लाभ अर्जित कर रही है। रीपा के तहत गांव की महिलाएं गोबर से पेंट बनाकर महात्मा गांधी जी के आत्मनिर्भर गांव की कल्पना को भी साकार कर रही हैं। उक्त गोबर पेंट बेहद ही उच्च गुणवत्ता युक्त है जो कि मल्टीनेशनल कंपनियों को सीधा टक्कर दे रही हैं। ऐसे ही बलौदाबाजार -भाटापारा जिले के विकासखंड पलारी के ग्राम गिर्रा में जय माँ लक्ष्मी स्व सहायता समूह की महिलाओं ने गोबर से उच्च गुणवत्ता वाला पेंट बना रहा है। 3 माह पूर्व प्रारंभ किया हुआ उक्त यूनिट से अभी तक कुल 1915 लीटर गोबर पेंट का निर्माण हो चुका है। जिसमे से 670 लीटर पेंट बेच चुके है। जिससे अभी तक समूह को 1 लाख 27 हजार 240 रुपये की आमदनी अर्जित हुई है। जय माँ लक्ष्मी स्व सहायता समूह की अध्यक्ष दामिनी वर्मा ने बताया कि हमारे समूह में कुल 10 महिलाएं शामिल हैं। साथ ही एक पुरूष को गोबर पेंट के निर्माण कार्य मे सहयोग लेते है। उन्होनें आगे बताया कि हम विगत 5 वर्षों से समूह में आपस में जुड़े हुए एवं साप्ताहिक बैठक कर लेन-देन का कार्य करते थे। हम सब समूह में ही रहकर आजीविका संबंधित कुछ कार्य करने सोंच रहे थे तभी हमे रीपा महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क ने गोबर पेंट निर्माण कार्य के बारे में हमें जानकारी दी गई। तब यह सुनकर एकाएक विश्वास भी नहीं हुआ। किन्तु विस्तृत जानकारी मिलने के बाद हम इस कार्य को करने को तैयार हुए। क्योंकि इस कार्य को करने लिए शासन स्तर से हमें पेंट उत्पादन हेतु मशीन एवं कच्चा माल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। तब जाकर हमने कार्य करना प्रारंभ किए इसके लिए हमें प्रारंभ में जनपद पंचायत के द्वारा 7 दिन का प्रशिक्षण भी दिया गया। अभी वर्तमान में हमें 1 हजार लीटर गोबर पेंट का आर्डर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के द्वारा मिला है।

## जनचौपाल में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से आए आमजनों की सुनी गई शिकायतें

### अधिकारियों को सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेने एवं त्वरित निराकरण करने के दिए गए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।





आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनचौपाल में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अधिकारियों के सामने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कर निराकरण की मांग की। कलेक्टर संजीव कुमार झा के निर्देशन में अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले ने आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और सम्बंधित अधिकारियों को आवेदन का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप साहूए नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। जनचौपाल में आज कुल 129 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें विभिन्न आवेदकों द्वारा रोजगार प्रदाय, उच्च स्वास्थ्य इलाज हेतु सहायता, अपराधिक प्रकरण की जांच, आर्थिक सहायता, मुआवजा दिलाने, मजदूरी भुगतान, लंबित राशि का भुगतान, वन अधिकार पट्टा दिलाने, बिजली कनेक्शन, सड़क पर ब्रेकर बनाने, शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने, नामांतरण, नक्शा दुरूस्तीकरण, भूमि सीमांकन, राशनकार्ड जैसे अन्य आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्यवाही कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

## स्व. नंदकुमार के दशगात्र में शामिल हुए जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ विधानसभा अंतर्गत ग्राम कोसमदा के भाजपा नेता नेत्रानंद गुप्ता के पिता स्व. नंदकुमार गुप्ता के दशगात्र में जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल शामिल हुए।





भाजपा नेता के दिवंगत पिता के तैल चित्र पर पुष्पांजलि श्रीफल अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया। मृतात्मा के लिए शोक जाहिर करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने कहा की स्व. नंदकुमार परिवार के मुखिया थे उनके जाने से परिवार को असीम वेदना सहनी पड़ी है। ईश्वर से प्रार्थना करते हुए नंदकुमार की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की कामना की है । साथ ही जिलाध्यक्ष ने कहा कि नंदकुमार की सज्जनता ने सभी को प्रभावित किया। सामाजिक जीवन जीने वाले नंदकुमार की धर्म के प्रति गहन आस्था रही। जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने भाजपा परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से कामना भी की है।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

## सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण की शेष आंकड़े को ऑनलाइन अपलोड करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।





### स्कूल खुलने में दो सप्ताह शेष, मरम्मत और निर्माण कार्य शीघ्र करें पूर्ण- कलेक्टर

कलेक्टर पदम सिंह एल्मा ने जिला कार्यालय के दिशा सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर लंबित आवेदनों की समीक्षा की और जिला स्तर के अधिकारियों को समय सीमा के तहत लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर आम नागरिकों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने को कहा। उन्होंने सर्वप्रथम जनचौपाल में प्राप्त आवेदन के निराकरण के संबंध में संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और नियमानुसार समय.सीमा के भीतर उन आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होने समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित किए कि जनचौपाल में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के साथ संतुष्टि पूर्वक निराकरण करें एवं शिकायतों के निराकरण पश्चात शिकायतकर्ता को अवगत कराना सुनिश्चित करें साथ ही लंबित दिवसों की शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए उसे निराकृत करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से स्कूलों में आगामी शिक्षा सत्र के संचालन के संबंध में जानकारी ली और स्कूल में विद्यार्थियों के लिए आवश्यक संसाधनों को स्कूल खुलने के पहले ही समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही सभी एसडीएम को स्कूल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्य पूर्ण करने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि विद्यालय प्रारंभ होने में महज दो सप्ताह का समय ही शेष हैए जिसे देखते हुए संबंधित अधिकारी स्कूलों के मरम्मत और निर्माण कार्य एजेंसियों से समन्वय कर शीघ्र ही कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिला चिकित्सालय परिसर में चिकित्सापयोगी कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होने जिला चिकित्सालय में ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त करनेए जनरेटर की व्यवस्थाए स्ट्रीट लाइट मरम्मत एवं मरीजों के परिजन हेतु शुलभ शौचालय की व्यवस्थाए चिकित्सालय परिसर के सड़क किनारे नाली निर्माण हेतु ड्रेनेज सिस्टम निर्माण कार्य को त्वरित रूप से पूर्ण करने को कहा। उन्होंने जिले में चल रहे स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के संबंध में जानकारी ली और हितग्राही मुलक योजना कों जिले के कोने कोने तक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिले में जल जीवन अभियान के तहत जिले के अंदरूनी गांवों तक स्वच्छ जल की पूर्ति करें। जलापूर्ति अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अधिकारी आपसी तालमेल स्थापित कर कार्य करें। इस अभियान के तहत सभी अधिकारी जल संरक्षण, संवर्धन एवं प्रबंधन के तहत किए जाने वाले कार्यों को प्राथमिकता के साथ करें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी से जिले में आयुष्मान कार्ड की प्रगति एवं चिकित्साकीय शिविर के बारे में जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक सीएसी एवं पीएससी में आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन करें और शिविर में पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाकर हितग्राहियों को लाभ पहुंचाएं। कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारी को जिले के सभी गोठानों में पर्याप्त विद्युत आपूर्ति करने के निर्देश दिए। जिलाधीश ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारी को जिले के ग्राम पंचायतों की जर्जर सड़कों का मरम्मत एवं नवीन सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को दिव्यांगों को निराश्रित निधि के तहत उनको लाभ देने की बात कही साथ ही पेंशनरों के भौतिक सत्यापन के प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने जिले में पूर्ण हुए सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों को पोर्टल में अपलोड करने के निर्देश दिए और कहा कि जिन जिन विकासखंडो के ग्राम पंचायतों के आंकड़े शेष है उन्हें तुरंत ही पोर्टल पर अपलोड कर शतप्रतिशत कार्य पूर्ण करें। तत्पश्चात जिलाधीश ने उद्यानिकी, कृषि, आदिवासी विकास विभाग, श्रम विभाग, क्रेडा विभाग, मंडी, सहकारिता, जनसंपर्क विभाग, मत्स्य विभाग आदि से जिले में हो रहे कार्य की प्रगति एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। इसके अलावा बैठक में स्कूली बच्चों का स्थाई जाति, निवास प्रमाण-पत्र जारी करने, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत खाद्यान्न का वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि का भुगतान समय पर करने एवं राजस्व पुस्तक परिपत्र आरबीसी, 6.4 के तहत लंबित मुआवजा राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत लीना मण्डावी, अपर कलेक्टर डॉ.अनिल बाजपेयी, नवनियुक्त अपर कलेक्टर छन्नू लाल मारकण्डे, अनुविभागीय अधिकारी रा. बेमेतरा सुरुचि सिंह, साजा विश्वास राव मस्के, नवागढ़ उमाशंकर बंदे, बेरला युगल किशोर उर्वशा, डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम, भूपेन्द्र जोशी, हीरा गवर्ना, पिंकी मनहर सहित जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### प्रभावित गांवों में भ्रमण कर किया जा रहा पशुओं का इलाज

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

खाशी जुकाम से कई बकरियों की मौत प्रकाशन हुआ था। जिसमें तत्काल संज्ञान में लेते हुए उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवा द्वारा जिला स्तर से पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ एवं विकासखण्ड स्तर के पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञों की संयुक्त टीम बनाकर तत्काल मौके पर रवाना किया गया। टीम द्वारा मौके में पहुंचकर ग्राम अमनदोन, बरौल, मानी एवं टुकुड़ाड में पहुंचकर कृषकों के घर-घर जाकर बकरियों का स्वास्थ परीक्षण किया गया एवं बीमार बकरियों का उपचार किया गया। परीक्षण में कोई संक्रामक बीमारी के लक्षण नहीं पाये गये। बकरियों में सर्दी जुकाम मौसम के अचानक बदलाव के कारण होना संभावित पाया गया तथा जिन बकरियों का उपचार मौके पर किया गया उन बकरियों को लाभ भी मिला तथा 24 घंटे में कई बकरियों में स्वस्थ सुधार हुआ है। चिकित्सा दल द्वारा संक्रमित ग्रामों के 5 किमी दायरे में भी भ्रमण कर पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण का कार्य किया जा रहा है। भ्रमण के दौरान संयुक्त चिकित्सा दल के समक्ष किसी भी बकरियों की मौत नहीं हुई है। चिकित्सा दल लगातार 07 दिनों तक प्रभावित ग्रामों में सतत् रूप से भ्रमण कर उपचार करने का कार्य करेगें। क्षेत्र के कृषकों को जागरूकता लाते हुए अवगत भी कराया गया है कि यह संक्रामक बीमारी नहीं है मौसम के अचानक बदलाव के कारण हुआ है। जिनसे पशुपालको को भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। भविष्य में मवेशियों में किसी भी प्रकार की कोई भी रोग के लक्षण दिखने पर तत्काल पशुधन विकास विभाग के निकटतम संस्था प्रभारी को सूचित करने एवं जिला स्तरीय अधिकारी उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें को उनके व्यक्तिगत दूरभाष नम्बर 9424256662 में सूचित करने हेतु अपील किया गया। जिससे भविष्य में तत्काल विभागीय सेवाएं प्रदान की जा सके।



# सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण, गोधन न्याय योजना, रीपा, केसीसी के कार्यों की हुई समीक्षा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



कलेक्टर संजीव कुमार झा के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विश्वदीप ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण अंतर्गत किए गए कार्य की ऑनलाइन प्रविष्टि में प्रगति, गोधन न्याय योजना, रीपा, केसीसी सहित टीएल के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विजेन्द्र पाटले, प्रदीप साहू, वनमण्डलाधिकारी कटघोरा प्रेमलता यादव, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय सभी एसडीएम, जनपद सीईओ और विभागीय अधिकारीगण उपस्थित थे। सीईओ विश्वदीप ने सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए अद्यतन प्रविष्टी शीघ्र ही पूर्ण कराने के लिए कहा। साथ ही सर्वेक्षण में प्रविष्ट जानकारी सही होनी चाहिए। उन्होंने सभी ग्रामों में प्रधानमंत्री आवास की एंट्री कार्य भी शत प्रतिशत पूरा कराने के लिए कहा। सीईओ ने कहा कि इस कार्य में गंभीरता से प्रगति दिखनी चाहिए। उन्होंने सभी एसडीएम को इस कार्य की सतत् मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। विश्वदीप ने गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के गौठानों की स्थिति, गोबर खरीदी, निर्मित जैविक खाद, टाका भराव, विक्रय हुए खाद की गौठानवार जानकारी लेते हुए सभी गौठानों में नियमित रूप से गोबर खरीदी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस हेतु ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के सभी गौठानों में गोबर क्रय, खाद निर्माण एवं वर्मी खाद के विक्रय में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। विश्वदीप ने शत-प्रतिशत सभी गौठानो में प्रत्येक पखवाड़े 30 क्विंटल गोबर खरीदी की सुनिश्चित करने की हिदायत दी। इस हेतु उन्होंने ग्रामीण पशुपालकों व किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए कहा। उन्होंने गौठानो में खाद निर्माण प्रगति की समीक्षा करते हुए गौठानो में गोबर क्रय के आधार पर खाद निर्माण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियान चलाकर निर्मित खाद की छनाई एवं पैकेजिंग करने की बात कही। साथ ही निर्मित्त खाद की पोर्टल पर ऑनलाइन एंट्री कार्य भी शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। विकासखण्डवार जैविक खाद विक्रय की जानकारी लेते हुए किसानों को जैविक खाद विक्रय कराने की बात कही। साथ ही बिक्री हुए खाद की राशि का भुगतान जल्द से जल्द महिला समूह को करने के लिए कहा। उन्होंने जिले में निर्मित रीपा में विभिन्न आर्थिक गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल, आश्रम छात्रावास आदि शासकीय भवनों में गोबर पेंट से पोताई कराने के निर्देश देते हुए संबंधित विभाग को मांग प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सीईओ ने सभी रीपा में महिलाओं एवं पुरूषों के लिए गुणवत्ता युक्त शौचालय निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा के कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी सीईओ जनपद को निर्देशित किया कि शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार अमृत सरोवर को मानक स्तर के बनाया जाए। सामाजिक अंकेक्षण के तहत विचलन की राशि संबंधितों से वसूली के निर्देश एसडीएम को दिए। उन्होंने कृषि विभाग, उद्यानिकी, मत्स्य विभाग को निर्देशित किया कि जिले के ज्यादा से ज्यादा किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड बनवाकर उन्हें लाभान्वित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना के संचालन के संबंध में जानकारी लेते हुए उन्होंने जिले के दूरस्थ वनांचल, पहाड़ी क्षेत्रों के हाट-बाजारों में मोबाइल मेडिकल यूनिट भेजकर अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने की बात कही।

# गोधन न्याय योजना सुनिता के पारिवारिक स्थिति की आर्थिक समृद्धि का बना आधार

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी गोधन न्याय योजना राज्य के पशुपालकों एवं किसानों सहित समाज के सभी वर्गों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं लाभदायक साबित हो रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा हमारी गौरवशाली प्राचीन भारतीय संस्कृति की गोधन के महत्व एवं उपयोगिता को पुनः स्थापित कर पशुपालकों को आमदनी का साधन उपलब्ध कराया है। गोधन योजना का लाभ लेकर लोग दूध के साथ ही गोबर एवं गौमूत्र का विक्रय कर अच्छी आय प्राप्त कर रहे हैं। जिससे यह योजना उनके के लिए वरदान साबित हो रही है। छत्तीसगढ़ शासन की इस महत्वकांक्षी योजना के सफल क्रियान्वयन फलस्वरूप जिले के कृषकों एवं पशुपालको के आर्थिक स्थिति को मजबूती मिली है। गोधन न्याय योजना जिले के कटघोरा विकासखंड के ग्राम बुंदेली की रहने वाली सुनीता यादव पति मनोज यादव के पारिवारिक स्थिति की आर्थिक समृद्धि का आधार बन गया है। इस योजना के फलस्वरूप उन्हें मिल रहें लाभ तथा अपने पारिवारिक स्थिति में हो रहें सुधार के संबंध जानकारी देते हुए हितग्राही सुनीता ने बताया कि उनका परिवार के जीवन निर्वाह का मुख्य जरिया मेहनत मजदूरी कार्य रहा है। उन्होंने बताया कि उनके पास अपनी कुछ पैतृक जमीन है। जहां वे खेती बाड़ी के साथ ही पशुपालन कर अपना जीवन यापन करते हैं। उनके पास 2 गाय, 3 भैंस, 2 बैल एवं 2 बछड़ा सहित कुल 9 मवेशी हैं। जिनसे मिलने वाले दुध से उन्हें थोड़ी बहुत आमदानी प्राप्त होती थी। इसका उपयोग वे मवेशियों के चारा पानी एवं रखरखाव में उपयोग करते थे। परंतु गोबर से किसी प्रकार का लाभ उन्हें नहीं होता था। राज्य सरकार द्वारा गोधन न्याय योजना संचालित कर गौठानों में गोबर खरीदी करने से सुनिता को अतिरिक्त आमदनी का एक बड़ा जरिया मिला।

वह अब मवेशियों के गोबर को एकत्र कर अपने घर के निकट स्थित गौठान में विक्रय करने लगी। उन्होंने बताया कि अब तक वह लगभग 225 क्विंटल गोबर विक्रय कर 45 हजार से अधिक की आमदनी प्राप्त की है। हितग्राही सुनीता ने बताया कि गोबर बिक्री से समय पर राशि मिलने से उनके लिए आय का भी स्थायी स्त्रोत निर्मित हो गया है। जिसके फलस्वरूप उनके आर्थिक स्थिति में भी निरन्तर सुधार हो रहा है। उन्होंने गोबर बिक्री से प्राप्त राशि से अपने दुग्ध व्यवसाय को विस्तार करने हेतु एक उन्नत नस्ल की एक भैंस खरीदी है। इस उत्तम नस्ल की गाय से मुझे प्रतिदिन अतिरिक्त आमदनी हो रही है। साथ ही मवेशियों के रखने के लिए घर में एक शेड निर्माण एवं अपने घर का आवश्यक मरम्मत भी पूर्ण कराया है। सुनीता कहती है उन्होंने कभी सपने में भी सोचा नहीं था कि गोबर बेचकर भी आय प्राप्त किया जा सकता है। परंतु सरकार की जनकल्याणकारी योजना ने इसे सच कर दिखाया है। वह कहती है कि गोबर विक्रय से समय समय पर मिलने वाले राशि घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ ही बच्चों की पढ़ाई में भी मददगार साबित होती है। यह योजना उनके दुग्ध व्यवसाय को विस्तारित करने में भी सहयोग प्रदान कर रहा है। हितग्राही सुनिता ने अपने परिवार सहित गोधन जैसी लाभकारी योजना राज्य में संचालित करने हेतु छत्तीसगढ़ सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

## कलेक्टर ने गम्भीरता पूर्वक सूनी

# आमजनता की समस्या तत्काल निराकरण करने अधिकारियों को किया फरमान जारी



जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

जिले में जनदर्शन के माध्यम से आम जनता से कलेक्टर संजय अग्रवाल ने रूबरू होकर दूरस्थ क्षेत्रों से आए आम लोगों की समस्याओं और शिकायतों से संबंधित 52 आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनी। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा के भीतर निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में आवेदक मोहन, विनय पाण्डेय, बिनु सोनवानी, गंगा राम, राकेश मिश्रा समयलाल, मनियारो, रमकेलिया, लालू राम, विनोद कुमार इत्यादि ने राजस्व विभाग अंतर्गत सीमांकन, में नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार, जमीन विवाद जैसे आवेदन प्राप्त हुए, उन्होंने राजस्व अमला को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिए है। राशन कार्ड, वन अधिकार पत्र प्राप्त करने, बेजा कब्जा, त्रुटि सुधार, मजदूरी भुगतान, नक्शा दुरुस्तीकरण, सड़क निर्माण, नामांतरण संशोधन, श्रमिक पंजीयन, फर्जी पट्टा निरस्तीकरण, पशु शेड प्रदाय करने जैसे आवेदन भी प्राप्त हुए। आवेदन का अवलोकन कर पात्रता अनुसार निराकरण करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने फर्जी पट्टा निरस्तीकरण के आवेदन को जांच कर निराकरण करने निर्देशित किया।

बैठक में डीएफ ओ संजय यादव, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर डॉ. प्रियंका वर्मा, डिप्टी कलेक्टर उत्तम रजक, एसडीएम नन्दजी पाण्डेय, दीपिका नेताम सर्व जनपद सीईओ सहित विभिन्न विभाग के जिला अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया नियमानुसार हो,प्रतिदिन कम से कम 1000 केसीसी कार्ड बनना चाहिए जिले में

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने विगत समय सीमा की बैठक में दिये गये निर्देश के परिपालन में समस्त विभागों से कार्यों की प्रगति जानकारी लेते हुए नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने समस्त अधिकारियों का निर्देश दिये कि आपसी समन्वय बनाकर जिले के प्रगति के लिए कार्य करें। उन्होंने लक्ष्य अनुसार कार्यों की सतत् मॉनिटरिंग करने और कार्यों में प्रगति की समीक्षा करते हुए स्वीकृत कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कर उसकी अद्यतन जानकारी जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देष दिये। साथ ही उन्होंने समस्त जिला अधिकारियों को अपने विभाग की समीक्षा करने के निर्देष दिये। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर खाद्य विभाग को शासन के निर्देशानुसार जिले के समस्त पीडीएस दुकानों में तिरंगा रंग रोगन करने तथा जहां पर रंग रोगन नहीं हो पा रहा है वहां फ्लेक्स लगाकर निर्देश का पालन करें। उन्होंने विभाग के सोशल ऑडिट रिर्पोट, हितग्राहियों शत-प्रतिशत ईकेवायसी करने निर्देश दिये। शिक्षा विभाग से सीएसआर मद से निर्मित शौचालयों की जानकारी, जिले के आत्मानन्द स्कूलों प्रवेश की प्रक्रिया पूर्णता की जानकारी लेते हुए महतारी दुलार की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने शिक्षा कर्मियों के एरियर का भुगतान समय पर करने कहा। कृषि विभाग द्वारा चलाये जा शिविर की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से विभाग द्वारा सकारात्मक केसीसी, आधार सीडिंग, बीज उठाव, रासायनिक खाद उठाव,वर्मी खाद उठाव, लैड सीडिंग की पुर्ति जितनी होनी चाहिए उतनी नहीं हो पा रही है। उन्होंने इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार तथा गांवों में मुनादी कर लोगों का जागरूक करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले मिलेट मिशन के कार्यों को चालू करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कृषि विस्तार अधिकारीवार केसीसी बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि जिले प्रतिदिन कम से कम 1000 केसीसी कार्ड बनने चाहिए। जिला कोषालय विभाग के लंबित मामलों को प्राथमिकता से करने के निर्देष देते हुए उन्होंने सेवानिवृत्ति तिथि को पेंशन प्रकरण एवं स्वत्वों का निराकरण करते हुए पीपीओ प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने बेरोजगारी भत्ता के कार्यों की समीक्षा करते हुए समस्त सीईओ को जिले में जितने भी आवेदनों का सत्यापन हो चुका है। साथ उन्होंने लंबित प्रकरणों की जानकारी से अवगत कराने के निर्देष दिये। कलेक्टर ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों से विभाग अंतर्गत कुल पद रिक्तियों की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि भर्ती के निर्देष प्राप्त हुए उसके अनुसार भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ करने निर्देश दिए हैं। समाज कल्याण विभाग को राशन कार्ड, नि:शक्तजन कार्ड बनाने तथा जिन विभागों से दिव्यांगों का योजना का लाभ मिलता है। उसके लिए दिव्यांगों का चिन्हांकन कर विभागों से योजना का लाभ दिलाने के निर्देष दिये। साथ उन्होंने विभाग से जानकारी संकलन कर जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही कलेक्टर ने बैठक में राजस्व प्रकरणों का निराकरण, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन के कार्य, आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए किये जा रहे कार्यए जाति प्रमाण पत्रए हमर लैब, धन्वंतरी योजना, अमृत सरोवर योजना, विधवा पेंशन सहित विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी विभागों के लंबित टीएल प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए उनका शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों में व्यक्तिगत रूचि लेकर बिना किसी लापरवाही के आम जनों को अधिक से अधिक पात्रतानुसार लाभ दिलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को शासन स्तर के पत्रों का, पीएमओ पोर्टल, सीएमओ पोर्टल तथा आयोग के प्रकरणों समय-सीमा में निराकरण करते हुए जवाब देने के निर्देश दिये। बैठक में वनमण्डलाधिकारी संजय यादव,जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर डॉ.प्रियंका वर्मा, डिप्टी कलेक्टर उत्तम कुमार रजक, आकांक्षा त्रिपाठी, वर्षा बंसल, सुश्री प्रियका रानी गुप्ता, एसडीएम नंदजी पांडे,दीपिका नेताम, सीएमएचओ डॉ.आरएस सिंह, कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया, सर्व जनपद सीईओ सहित विभागीय जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## अक्षय कुमार की ओह माय गॉड 2 अब ओटीटी की जगह सिनेमाघरों में देगी दस्तक




अक्षय कुमार की 2012 में आई फिल्म ओह माय गॉड को लोगों ने काफी पसंद किया था और यह बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। अब फिल्म की सफलता के 11 साल बाद अक्षय एक बार फिर अपनी सोशल कॉमेडी ओह माय गॉड 2 के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए वापस आ रहे हैं। हाल ही में फिल्म की रिलीज को लेकर आए अपडेट में कहा गया है कि फिल्म ओटीटी नहीं, बल्कि सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

ओह माय गॉड 2 में अक्षय भगवान शिव के किरदार में नजर आएंगे।

# छोटे टॉप में सिमरन कौर ने दिए ऐसे खतरनाक पोज, फोटो देखकर खो देंगे अपने होश



सोशल मीडिया पर अपने फैंस के दिलों के बेताब किए रहने वाली इंफ्लुएंसर सिमरन कौर एक मॉडल, एक्टर हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर धमाल मचाए रहती हैं। वहीं, उनकी लेटेस्ट तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। बार्वी प्रिंटेड क्रॉप टॉप और शॉर्ट स्कर्ट में एक्ट्रेस सिमरन कौर गजब की बला लग रही हैं। ओपन हेयर स्टाइल और मिनिमल मेकअप के साथ सिमरन कौर कहर ढा रही हैं।

सिमरन कौर इंटरनेट पर अपनी तस्वीरों से फैंस के दिलों को बेताब किए रहती हैं। सिमरन चाहे वेस्टर्न ड्रेस में हो या इंडियन ड्रेस में अपने हॉट अंदाज से फैंस को घायल करने से पीछे नहीं है। सिमरन कौर की मदमस्त अदाएं देखकर फैंस आहें भरने को मजबूर रहते हैं। उनकी तस्वीरें देखकर फैंस आहें भरते रहते हैं। सोशल मीडिया पर उनके लाखों में फॉलोवर्स हैं। उन्हें इंस्टाग्राम पर 2.2 मिलियन फॉलोवर्स हैं। सिमरन कौर अपने अतरंगी रूपों के कारण अक्सर सुर्खियों का विषय बनी रहती हैं, उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाती रहती हैं। फैंस एक्ट्रेस की तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। वहीं, उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल हो जाती हैं।

# नागेश सर के साथ काम करना मेरे करियर का सबसे अच्छा वक्त रहा : प्रिया बापट



शुक्रवार को स्ट्रीमिंग शो सिटी ऑफ ड्रीम्स के तीसरे सीजन में नजर आने वाली एक्ट्रेस प्रिया बापट ने शो के निर्देशक नागेश कुकुनूर की प्रशंसा करते हुए कहा कि बतौर एक्ट्रेस उनके साथ काम करने से उन पर गहरा प्रभाव पड़ा है। इस बारे में विस्तार से बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, मैं निश्चित रूप से मानती हूं कि एक एक्ट्रेस के रूप में नागेश सर का मुझ पर बहुत प्रभाव है।

*उनके साथ काम करना मेरे पूरे करियर की सबसे अच्छी बात है। यह खुद को खोजने जैसी प्रक्रिया है। वह आपको अपने भीतर छिपे प्रतिभा से मिलवाते है। इस सीजन में, ऐसे सीन्स थे जो एक नोट पर शुरू होते हैं और कहीं अप्रत्याशित रूप से समाप्त होते हैं। पात्रों के पास यूनिक ग्राफ हैं और यह पता लगाना सीखने का सबसे रोमांचक हिस्सा था। उन्होंने आगे उल्लेख किया कि निर्देशक वह है जो यह सुनिश्चित करते है कि एक्टर अपना ए-गेम लेकर आएं। उन्हों कहा, आपको आश्वस्त किया जा सकता है कि आप सबसे अच्छे हाथों में हैं और किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा निर्देशित किया जा रहा है जो आपके काम का सही उपयोग करना जानते है। यह एक अद्भुत अनुभव रहा है। कई बार अभिनेताओं को लगता है कि वे बहुत अच्छा कर रहे हैं लेकिन आप जो कर रहे हैं और जो ट्रांसलेट हो रहा हैं वह अलग हो सकता है। कैमरे में जो दिखता है वह अलग हो सकता है। नागेश सर हमेशा रिहर्सल की जांच करते हैं और मॉनिटर पर क्या है इसकी जांच करते हैं और उसी के अनुसार आपका मार्गदर्शन करते हैं। इससे बेहतरीन अनुभव नहीं हो सकता। कुकुनूर मूवीज के सहयोग से अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित सिटी ऑफ ड्रीम्स का नया सीजन डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है।*

# रणबीर कपूर नहीं होंगे किशोर कुमार की बायोपिक का हिस्सा, रणवीर सिंह के हाथ लगी फिल्म?



किशोर कुमार की बायोपिक को लेकर काफी समय से खबरें सामने आ रही थीं। कुछ समय पहले रणबीर कपूर ने भी साफ कर दिया था वह पिछले 11 साल से इस बायोपिक पर काम कर रहे हैं। रणबीर का कहना था कि फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है और वह जल्द ही इस बायोपिक में नजर आएंगे। अब अभिनेता के एक बयान के बाद से माना जा रहा है कि उनकी जगह रणवीर सिंह ने ले ली है।

हाल ही में रणबीर ने एक बयान में कहा कि वह अपनी फिल्म एनिमल के बाद कुछ समय के लिए ब्रेक लेना चाहते हैं। अभिनेता का कहना है कि वह कुछ समय के लिए खुद को वक्त देना चाहते हैं और देखना चाहते हैं कि कोरोना वायरस के बाद इंडस्ट्री कितनी बदल गई है और वह आज कहां पर हैं। अभिनेता के इस बयान के बाद से फिल्म निर्माता नए सितारे को कास्ट करने के बारे में सोच रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, किशोर कुमार की बायोपिक के लिए अब फिल्म निर्माता रणवीर से संपर्क साध रहे हैं, लेकिन अनुराग बसु अभी भी रणबीर के साथ ही फिल्म बनाना चाहते हैं। ऐसे में अब अगस्त तक यह फैसला कर लिया जाएगा कि किस सितारे को फिल्म में कास्ट करना है क्योंकि मेकर्स 2023 के अंत तक फिल्म पर काम शुरू करना चाहते हैं। हालांकि, अभी फिल्म या सितारों को लेकर किसी भी तरह की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

# द केरल स्टोरी के आगे नहीं टिकी जोगीरा सारा रा रा, आईबी71 का हाल-बेहाल

बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों द केरल स्टोरी का जलवा देखने को मिल रहा है। फिल्म की रिलीज को 3 हफ्ते हो चुके हैं और यह अभी भी बाकी फिल्मों को कड़ी टक्कर दे रहे है। अब 26 मई को रिलीज हुई जोगीरा सारा रा रा को काफी तारीफ मिली है, लेकिन यह पहले दिन कमाई के मामले में कुछ खास कमाल नहीं कर पाई है। ऐसा ही हाल आईबी71 का है।




कॉमेडी और ड्रामा से भरपूर जोगीरा सारा रा रा में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ नेहा शर्मा मुख्य भूमिका में नजर आई हैं। फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। कुशान नदी के निर्देशन में बनी फिल्म एडवांस बुकिंग में दम तोड़ती नजर आई थी और अब ओपनिंग डे पर भी इसने धीमी शुरुआत की है। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने पहले दिन 40 लाख रुपये की कमाई की है। जोगीरा सारा रा रा लखनऊ के जोगी (नवाज) की कहानी है, जो एक इवेंट कंपनी का मालिक है। जोगी अपने जुगाड़ के लिए मशहूर है और ऐसे में उसकी मुलाकात डिंपल (नेहा) से होती है, जो उसे अपनी शादी तुड़वाने का जिम्मा देती है।

# निखिल सिद्धार्थ और अनुपम खेर की पैन-इंडिया फिल्म द इंडिया हाउस का हुआ ऐलान




पिछले साल आई मिस्ट्री एक्शन-थ्रिलर कार्तिकेय 2 की बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद एक बार फिर निखिल सिद्धार्थ और अनुपम खेर बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। दोनों सितारे पैन-इंडिया फिल्म द इंडिया हाउस में मुख्य भूमिका निभाएंगे, जिसको लेकर प्रशंसक काफी उत्सुक हैं। राम चरण ने आज टीजर जारी कर फिल्म का ऐलान किया है। दरअसल, चरण राम वामसी कृष्णा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म के निर्माता हैं।

चरण ने ट्विटर पर फिल्म का ऐलान करते हुए लिखा, महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर गारू की 140वीं जयंती के अवसर पर हमें अपनी पैन-इंडिया फिल्म द इंडिया हाउस की घोषणा करते हुए गर्व महसूस हो रहा है। इस फिल्म में सिद्धार्थ और खेर मुख्य भूमिका में हैं और कृष्णा बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत कर रहे हैं। टीजर में दिखाया गया है कि सिद्धार्थ फिल्म में शिव और खेर स्वतंत्रता सेनानी श्यामजी कृष्ण वर्मा की भूमिका निभाएंगे। द इंडिया हाउस लंदन में आजादी से पहले (1905) की कहानी है, जिसमें उस दौर की घटनाओं को दिखाया जाएगा। टीजर इंडिया हाउस के आसपास बड़े पैमाने पर राजनीतिक उथल-पुथल के दौरान एक प्रेम कहानी का संकेत दे रहा है। इसमें इंडिया हाउस में भीषण आग लगी हुई दिखाई गई है, जिसके सामने सिद्धार्थ एक बैग लेकर खड़े हुए हैं। टीजर को देखने के बाद से ही प्रशंसक फिल्म की रिलीज को लेकर उत्साहित हो गए हैं।

## खेल

जडेजा ने आखिरी 2 गेंद पर 10 रन बनाए..चेन्नई चैंपियन

# CSK ने पांचवीं बार IPL का खिताब जीता, धोनी ने की रोहित की बराबरी

अहमदाबाद। चेन्नई सुपर किंग्स ने IPL 2023 का खिताब जीत लिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए रोमांचक फाइनल में CSK ने गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हराया। 25 गेंद पर 47 रन बनाने वाले डेवोन कॉन्वे प्लेयर ऑफ द मैच रहे।



CSK को आखिरी दो गेंदों पर 10 रन की जरूरत थी। रवींद्र जडेजा ने पांचवीं गेंद पर छक्का और आखिरी गेंद पर चौका जमाकर CSK को पांचवीं बार IPL चैंपियन बना दिया। इसी के साथ कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने सबसे ज्यादा IPL खिताब जीतने के मामले में रोहित की बराबरी कर ली।

रोहित ने अपनी कप्तानी में मुंबई को पांच बार विजेता बनाया है। अब धोनी भी चेन्नई को पांच बार चैंपियन बना चुके हैं। चेन्नई ने इससे पहले 2010, 2011, 2018 और 2021 में खिताब जीता था।

### 15 ओवर में बनाए 171 रन

रिजर्व डे के दिन खेले गए फाइनल मुकाबले में धोनी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। गुजरात ने 20 ओवर में चार विकेट खोकर 214 रन बनाए। साई सुदर्शन ने 47 गेंदों पर 96 रन बनाए। बारिश के कारण चेन्नई को 15 ओवर में 171 रन का टारगेट में मिला। टीम ने इसे 5 विकेट खोकर 15वें ओवर की आखिरी गेंद पर हासिल कर लिया।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी गुजरात से साई सुदर्शन ने 47 बॉल पर 96 रन की पारी खेली। उन्होंने ऋद्धिमान साहा और कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप की। उनकी पारी के दम पर गुजरात ने 20 ओवर में 214 रन बनाए।

15 ओवर में 171 रन के रिवाइज्ड टारगेट का पीछा करने उतरी CSK को ऋतुराज गायकवाड और डेवोन कॉन्वे ने विस्फोटक शुरुआत दिलाई। दोनों ने 74 रन की पार्टनरशिप की।




### नूर और मोहित की बॉलिंग

दूसरी पारी में नूर अहमद और मोहित शर्मा ने गुजरात को मैच में बनाए रखा। नूर ने 3 ओवर में महज 17 ही रन देकर 2 विकेट लिए, वहीं मोहित ने 36 रन देकर 3 विकेट लिए।

### CSK के बैटर्स का केमियो

ओपनर्स की शानदार शुरुआत के बाद CSK के 3 बैटर्स ने 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की। वहीं शिवम दुबे 21 गेंद पर 32 रन बनाकर नाबाद रहे। उनके अलावा अजिंक्य रहाणे ने 27, अंबाती रायडू ने 19 और जडेजा ने 15 रन बनाए। इन सभी की पारियों के दम पर चेन्नई ने 15 ओवर में 171 रन का टारगेट हासिल कर लिया।

## एक नजर

### सीएसके के धुरंधर बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने किया संन्यास का ऐलान

**चेन्नई** । चेन्नई सुपरकिंग्स के अनुभवी बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने आईपीएल से संन्यास का ऐलान कर दिया है। अंबाती रायुडू आज अपना आखिरी मैच खेल रहे हैं। रायुडू ने ट्वीट करते हुए अपने दोनों टीमों चेन्नई सुपरकिंग्स और मुंबई इंडियंस को धन्यवाद कहा। रायुडू ने यह भी कहा कि इस बार वह अपने फैसले को नहीं बदलेंगे।



अंबाती रायुडू ने ट्वीट में लिखा, दो बड़ी टीमें मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स, 204 मैच, 14 सीजन, 11 प्लेऑफ, आठ फाइनल, पांच ट्रॉफी। उम्मीद है कि आज रात छठी ट्रॉफी मिलेगी। यह एक शानदार सफर रहा है। मैंने यह फैसला किया है कि आज वाला फाइनल मैच आईपीएल में मेरा आखिरी मैच होगा। मैंने इस टूर्नामेंट में खेलने का आनंद हमेशा उठाया। आप सभी का शुक्रिया। चेन्नई सुपरकिंग्स के अंबाती रायुडू को पांच बार आईपीएल ट्रॉफी उठाने का मौका मिला है। वह 2013, 2015 और 2017 में खिताब जीतने वाली मुंबई इंडियंस की टीम के सदस्य थे। इसके अलावा जब चेन्नई सुपरकिंग्स 2018 और 2021 में विजेता बनी थी तो वह धोनी के साथ थे।

अहमदाबाद में बारिश के कारण नहीं हुआ फाइनल

### अब रिजर्व डे पर होगा आईपीएल 2023 के चैंपियन का फैसला



**नई दिल्ली** आईपीएल के 16वें सीजन का फाइनल चेन्नई सुपरकिंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच रविवार (28 मई) को बारिश के कारण नहीं हो सका। अब चैंपियन का फैसला सोमवार (आज) को रिजर्व डे पर होगा। रविवार को लगातार बारिश के कारण टॉस भी नहीं हो सका। बारिश ने स्टेडियम को तालाब में तब्दील कर दिया। अंपायरों ने दोनों टीमों के कोच और कप्तान से बात कर आज मैच नहीं कराने का फैसला किया। अहमदाबाद में लगातार बारिश के कारण आज मैच नहीं हो सका। देर रात 11 बजे बारिश रुकी, लेकिन मैदान को खेलने के योग्य बनाने में कम से कम एक घंटे लगते। उसके बाद अगर मैच होता तो सिर्फ पांच-पांच ओवर ही दोनों को मिलता। अंपायरों ने दोनों टीमों के कोच और कप्तान से बात कर आज मैच को टाल दिया। अब यह रिजर्व डे पर सोमवार को 7:30 बजे से ही खेला जाएगा।

आईपीएल ने ट्विटर पर मैच को लेकर अपडेट दिया। उसने लिखा- आईपीएल के फाइनल को 29 मई शाम 7:30 बजे तक के लिए टाल दिया गया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रिजर्व डे पर मैच खेला जाएगा। आज के फिजिकल टिकट कल मान्य होंगे। हम आपसे टिकट को सुरक्षित रखने का अनुरोध करते हैं।

# प्रणय ने जीता करियर का पहला वर्ल्ड टूर खिताब



**कुआलालंपुर** । भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में चीन के वेंग होंग यांग की चुनौती को पार करते हुए अपने करियर का पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीत लिया। प्रणय ने एक घंटे 34 मिनट तक चले थका देने वाले मुकाबले में यांग को 21-19, 13-21, 21-18 से मात दी।

पहली बार यांग का सामना कर रहे प्रणय ने मुकाबले की चौकस शुरुआत की और पहले गेम में ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद प्रणय 15-12 की बढ़त लेने में सफल रहे, लेकिन चीनी खिलाड़ी ने भी मज़बूत वापसी की और लगातार तीन अंक बनाते हुए स्कोर बराबर कर दिया।

प्रणय ने अपने फोरहैंड पर भरोसा दिखाया और बढ़त की स्थिति में लौटकर पहला गेम 21-19 से जीतने में सफल रहे।

दूसरा गेम प्रणय के लिये अपेक्षाकृत मुश्किल साबित हुआ। यांग ने 1-0 से पिछड़ने के बाद दमदार शुरुआत की और शुरुआती अंकों के लिये खींचा-तानी के बाद चीनी शटलर लगातार छह अंक बनाते हुए 17-10 से आगे हो गये। प्रणय ने गेम के अंतिम क्षणों में थोड़ा संघर्ष दिखाया लेकिन यांग को 21-13 की जीत हासिल करने से नहीं रोक सके।

मुकाबला जैसे ही तीसरे गेम में पहुंचा, दोनों खिलाड़ियों ने अपनी 100 प्रतिशत क्षमता का प्रदर्शन करते हुए लंबी रैलियां खेलीं। एक समय पर 5-7 से पिछड़े हुए प्रणय एक बार फिर ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाने में सक्षम रहे।

IPL-16 चैंपियन CSK को मिले 20 करोड़

# हार के बावजूद जीते गुजरात के प्लेयर्स, 9 में से 6 अवॉर्ड अपने नाम किए

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग के 16वें सीजन को अपना चैंपियन मिल गया है। चेन्नई सुपर किंग्स ने डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस को हराकर 5वीं बार खिताब अपने नाम किया। सोमवार को रिजर्व डे पर अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में CSK 5 विकेट से जीता। आखिरी 2 गेंदों पर रवींद्र जडेजा ने छक्का और चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई।

खिताब जीतने पर CSK को 20 करोड़ रुपए की प्राइज मनी मिली। जबकि रनर-अप गुजरात टाइटंस ने 12.50 करोड़ रुपए जीते। तीसरे स्थान पर रही मुंबई इंडियंस को 7 और चौथे नंबर की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स को 6.50 करोड़ रुपए मिले।



### 9 में से 6 व्यक्ति गत अवॉर्ड गुजरात के नाम

प्लेयर ऑफ द फाइनल डेवोन कॉन्वे को 5 लाख रुपए मिले। वहीं फाइनल हारने वाली गुजरात टाइटंस के 3 प्लेयर्स ने 9 में से 6 व्यक्तिगत अवॉर्ड जीते। सबसे ज्यादा 4 अवॉर्ड शुभमन गिल को मिले, अवॉर्ड्स के साथ उन्होंने 40 लाख रुपए की प्राइज मनी भी जीती।

फाइनल प्रेजेंटेशन सेरेमनी में एमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर, सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, गेमचेंजर ऑफ द ईयर, सबसे ज्यादा चौके और मैक्सिमम सिक्सेस अवॉर्ड आदि भी दिए गए।

# हाईटेक हुआ जिला लाइब्रेरी, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे लोकार्पण

*** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल से अपग्रेड हुई लाइब्रेरी * वाईफाई कैंपस, डिजिटल क्लास रूम, ई-लाइब्रेरी, कैंटीन की मिलेगी सुविधा**

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।






आज के बदलते दौर में प्रतियोगी परीक्षाओं का माहौल बदला है। परीक्षा देने वालों की संख्या बढ़ी है। प्रतियोगिता का स्तर कड़ा हो गया है। ऐसे में प्रतिभागियों की सफलता में सटीक रणनीति के साथ सही किताबें और तैयारी के लिए अनुकूल माहौल बड़ी भूमिका निभाता है। बड़े शहरों में इसके लिए बड़ी बड़ी लाइब्रेरी हैं। जहां छात्र दिनभर बैठकर पढ़ाई कर सकते हैं। ऐसी एक लाइब्रेरी रायगढ़ में भी तैयार हो चुकी है। जिला लाइब्रेरी रायगढ़ को हाईटेक बनाया गया है। छात्रों के लिए सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। जिसका लोकार्पण मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 1 जून को करेंगे।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की विशेष पहल पर जिला ग्रन्थालय को पूरी तरीके से रिनोवेट कर दिया गया है। यहां छात्रों के लिए सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। किताबें और फर्नीचर भी अपग्रेड किया गया है। इंटरनेट की व्यवस्था की गई है। जिससे शहर में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई के साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए एक अनुकूल जगह मिले।

### हाईटेक हुई 68 साल पुरानी लाइब्रेरी, 23 हजार किताबें उपलब्ध

रायगढ़ का पुस्तकालय 68 वर्ष पुराना है। जिला गजेटियर के मुताबिक सन 1955 में इसकी स्थापना की गई थी। सन् 1964-65 में शासकीय पुस्तकालय, रायगढ़ में लगभग 7,000 पुस्तकें थी तथा इसके 281 सदस्य थे। आज लाइब्रेरी में 23 हजार से ज्यादा किताबें पढ़ने के लिए उपलब्ध है। लाइब्रेरी को आधुनिक तकनीकों से अपग्रेड किया गया है। पूरा कैंपस वाईफाई युक्त है। ऑनलाइन पढ़ाई के लिए 20 कंप्यूटर लगाए गए हैं। लाइब्रेरी में स्टडी मेटेरियल प्रिंट करने की भी सुविधा छात्रों को मिलेगी। इसके अलावा यहां एक डिजिटल क्लासरूम बनाया गया है, जिसमें आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर एक साथ 30 छात्र पढ़ाई कर सकेंगे। ग्रुप स्टडी के लिए भी कमरे बनाए गए हैं।

### एक साथ पढ़ सकेंगे 250 बच्चे, तैयार किए गए हैं एयरकंडीशंड स्टडी रूम

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की विशेष पहल से जिला ग्रन्थालय एक नए स्वरूप में सामने हैं। आज के प्रतियोगी माहौल में तैयारी के लिए सभी जरूरी संसाधनों की व्यवस्था यहां की गई है। यहां एक साथ करीब 250 बच्चों के बैठने की सुविधा है। यहां एयरकंडीशंड स्टडी रूम तैयार किए गए हैं।

### बड़े शहरों की तरह बने हैं स्टडी केबिन

लाइब्रेरी के रेनोवेशन में खास बात यह है कि यहां बड़े शहरों की तर्ज पर स्टडी केबिन बनाए गए हैं। यह छात्रों के लिए व्यक्तिगत स्टडी टेबल की तरह होगा। जिससे छात्र लाइब्रेरी में एकाग्रचित होकर पढ़ाई कर सकें। ऐसे यहां लगभग 180 केबिन तैयार किए गए हैं। प्रभारी ने बताया कि लाइब्रेरी सुबह 8 से 10 बजे तक छात्रों के लिए खुली रहेगी। इसके अलावा यहां ई-लाइब्रेरी की सुविधा भी छात्रों को मिलेगी।

### प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए किताबों और मैगजीन का मिलेगा संग्रह

*लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर विशेष फोकस करते हुए उसके लिए जरूरी किताबें और मासिक मैगजीन भी यहां छात्रों को मिलेगी। जिससे वे अपने नोट्स तैयार कर सकते हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा ने इसके लिए छात्रों की आवश्यकता के अनुरूप स्टडी मटेरियल यहां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही यहां छात्रों के लिए एक कैंटीन की व्यवस्था भी होगी।*

## सीईओ ने गोधन न्याय योजना के संबंध में ली समीक्षा बैठक

सोसायटी के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट खाद प्राथमिकता से वि  य कराने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गोधन न्याय योजना की समीक्षा लेकर गोबर खरीदी, खाद बनाने की प्रगति और खाद विक्रय के संबंध में बैठक लेकर समीक्षा की। बैठक में सभी जनपद पंचायत सीईओ और कृषि विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। जिला पंचायत सीईओ ने सभी जनपद सीईओ को गोबर खरीदी और वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सोसायटी के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट खाद का विक्रय प्राथमिकता से करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि रीपा अंतर्गत संचालित गौठानों में समूह की महिलाओं के लिए अनेक गतिविधियां उपलब्ध कराई गई है। गौठानों में नियमित निगरानी रखते हुए एल्टीएक्टीविटी कार्य में तेजी लाने के लिए कहा। सीईओ यादव ने गोबर खरीदी का भुगतान और वर्मी कम्पोस्ट खाद का भुगतान भी प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रीपा अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के लिए बनाए जा रहे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर गतिविधियां संचालित करने के लिए कहा है।

साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न

# समय सीमा के लंबित प्रकरणों को समयावधि में निराकरण करने के निर्देश दिए

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। उन्होंने सभी विभाग के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा किए तथा लंबित प्रकरणों को समयावधि में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य, शासन के फ्लैगशिप योजनाओं, आधार कार्ड अपडेशन सहित अन्य कार्यों की जानकारी ली। सीईओ ने सर्वेक्षण कार्य में त्रुटि के सुधार हेतु जनपद सीईओ एवं संबंधित कर्मचारी अधिकारियों को समय में पूर्ण करने कहा। उन्होंने गोधनी न्याय योजना सहित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित शासन की महत्वपूर्ण फ्लैगशिप योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने निर्देशित किया तथा आधार कार्ड अपडेशन में प्रगति लाने के लिए कहा है। जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव ने जिले में आंगनबाड़ी का संचालन, किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति, पेंशन, राशन कार्ड, कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण, राजस्व प्रकरण सहित अन्य मामले को समय पर निराकरण करने कहा। इस दौरान डीएफओ जितेंद्र यादव, अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर, एसडीएम एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। सीईओ यादव ने मुख्यमंत्री के भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान की गई घोषणाओं के पूर्ण अपूर्ण कार्यों की जानकारी ली तथा शेष कार्यों को समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने दूरस्थ क्षेत्र में स्थित गांव में हितग्राहियों को राशन लेने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा।उन्होंने बिजली विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि बिजली आंधी तूफान के कारण बिजली प्रवाह बाधित होते हैं व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा है।



## एक नजर

### खाद्य मंत्री अमरजीत भगत का दौरा कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत 31 मई 2023 को रायगढ़ आयेंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के तहत खाद्य मंत्री श्री भगत 31 मई को जिला-सरगुजा से प्रस्थान कर अपरान्ह 3.15 बजे मिनी स्टेडियम चक्रधर नगर रायगढ़ प्रस्थान करेंगे। खाद्य मंत्री भगत अपरान्ह 3.25 बजे से शाम 4.30 बजे तक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक लेंगे। तत्पश्चात केलो नदी हेतु प्रस्थान करेंगे एवं महाआरती स्थल एवं कार्यक्रम स्थल रामलीला मैदान का निरीक्षण करेंगे।

### सड़क दुर्घटना के मामले में 25 हजार की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने सड़क दुर्घटना के एक मामलें में प्रभावित परिजन हेतु 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत जशपुर तहसील के ग्राम पतराटोली निवासी स्व. हेरमन कुजूर की सड़क दुर्घटना में 02 अक्टूबर 2022 को मृत्यु हो जाने से मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी सफीरा कुजूर हेतु सोलेशियम फण्ड योजना हिट एण्ड रन में दिए गए प्रावधान अनुसार 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालयों में प्रवेश की सूचना जारी

कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 जून तक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

सहायक आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा राजीव गांधी प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालयों के शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 09वीं में ऑनलाइन प्रवेश की सूचना जारी की गई है। जिसमें ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभ तिथि 31 मई एवं अंतिम तिथि 12 जून निर्धारित है। आवेदन लिंक के माध्यम से ऑनलाईन कर सकते हैं। ऑनलाईन भरे गए आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार 13 से 15 जून तथा परीक्षा 25 जून 2023 को प्रातः 11 बजे से 1.30 तक होगा। राज्य के अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो राज्य के किसी भी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से कक्षा 8वीं उत्तीर्ण प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ.साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल एवं इंजिनियरिंग की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु सघन तैयारी कराया जाना है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों हेतु राज्य में नवीन बालक एवं कन्या प्रयास आवासीय विद्यालय सत् 2023-24 से संचालित किया जाना है। जिसकी विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाइट में अवलोकन किया जा सकता है।

### माइक्रोवाटरशेड सचिव के संविदा पद हेतु मेरिट सूची जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कार्यालय उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक डब्ल्यूसीडीसी रायगढ़ अंतर्गत विकासखण्ड घरघोड़ा के ग्राम-बैहामुड़ा में 12 माइक्रोवाटरशेड सचिव के संविदा पद हेतु माइक्रोवाटरशेड वार मेरिट सूची तैयार कर कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। संबंधित अभ्यर्थी 6 जून 2023 तक कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर सूची का अवलोकन कर सकते है।

### ग्राम मचांदुर में 15 दिवसीय समर केम्प का समापन हुआ

**दुर्ग।** मचांदुर  में संकल्प एक प्रयास के द्वारा लगाए गए 15 दिवसीय समर कैंप का समापन कार्यक्रम मचांदुर सांस्कृतिक मंच में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच दिलीप साहू जी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा डांस,फैंसी ड्रेस तथा रैंप वॉक की शानदार प्रस्तुति दी गई।इसके अतिरिक्त बच्चों ने अपनी सेल्फडिफेंस तथा इंग्लिश स्पीकिंग आदि प्रतिभाओं को दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया। इस 15 दिवसीय समर कैंप में बच्चों को ड्रॉइंग,डांस,सेल्फ डिफेंस, कैलीग्राफी,इंग्लिश स्पीकिंग आदि का प्रशिक्षण संकल्प एक प्रयास के सदस्यों के द्वारा दिया गया। शानदार समर कैंप की सफलता के लिए बधाई दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मुख्यातिथि सरपंच दिलीप साहू,संजय साहू,शिक्षिका ऋतु देवांगन,तारणी देवांगन,चंद्रकला देवांगन, रंजीता देवांगन,कांति देवांगन,संगीता देवांगन,रजनी देवांगन,जागेश्वरी साहू,हेमा ठाकुर,तारणी साहू,समर कैंप में शामिल हुवें बच्चों में प्रेणा, ग्रेसी, निशा, कुणाल, रोशनी, भूमिका, ढामेश्वरी, नोहलिका, जानवी, गुंजन, पोईगीतांश, मुकुंद, नमन, मयंक, तमन्ना,छवि,प्रमुख रूप से उपास्थित रहे।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बना रहा गोधन न्याय योजना

गौठानों में गोबर खरीदी,जैविक खाद, सब्जी उत्पादन कर स्वावलंबी हो रही स्वसहायता समूह की महिलाएं

**कोरबा** ।छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना अंतर्गत कटघोरा विकासखंड के बुंदेली गौठान में गायत्री स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विभिन्न आजीविका गतिविधियां संचालित कर आमदनी अर्जित कर रहीं हैं और अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर रहे हैं। इस गौठान में ग्राम के तीन स्व सहायता समूह के सदस्य जुड़कर गौठान में उपलब्ध संसाधनों से जैविक खाद निर्माण, केंचुआ उत्पादन, सब्जी उत्पादन जैसी अन्य गतिविधियां संचालित कर स्वावलंबी बन रहीं हैं।

जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर बुंदेली गौठान में नियमित गोबर खरीदी एवं वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण से जुड़ी गायत्री स्व सहायता समूह की सदस्य श्रीमती उमा देवी ने बताया कि समूह के सभी सदस्य प्रशिक्षण लेकर गौठान में वर्मी खाद बनाने का कार्य कर रहे हैं। गौठान में समूह की महिलाओं द्वारा अब तक 3 लाख 84 हजार 345.50 किलो गोबर की खरीदी की है। जिससे 1 लाख 22 हजार 738 किलो जैविक खाद का निर्माण हुआ है। अब तक 1 लाख 4 हजार 748 किलो वर्मी खाद का विक्रय किसानों को किया गया है। जिससे समूह की महिलाओं को 3 लाख 42 हजार 525 रूपए का लाभ हुआ है। गौठान में गायत्री स्व सहायता समूह के सदस्य आजीविका गतिविधि कार्य से बेहद खुश हैं और अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं। उन्होंने बताया कि सभी महिलाएं घरेलू कार्य के साथ-साथ आजीविका के लिए रोजी-मजदूरी का कार्य करतीं थीं। इस हेतु उन्हें नहीं चाहते हुए भी गांव से बाहर जाना पड़ता था।

## रतबा ग्राम में 84 लोगों का बनाया गया आयुष्मान कार्ड

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देश में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के छूटे लोगों को प्राथमिकता से आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। कलेक्टर ने जिले में शत् प्रतिशत आयुष्मान कार्ड जारी करने के निर्देश दिए है। इसी कड़ी में नगर पंचायत बगीचा के उप स्वास्थ्य केन्द्र गुरम्हाकोना अंतर्गत् रतबा ग्राम के कुल 84 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। साथ ही ईलाज के दौरान आयुष्मान कार्ड से लाभ लेने के लिए सलाह दी गई। स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा जिले में शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु निरंतर शिविर, स्वास्थ्य केन्द्रों, ग्राम पंचायत में डोर-टू-डोर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है। ताकि लोगों को शासन की योजना का लाभ मिल सके।

# सामाजिक समरसता का केंद्र बनेगा राष्ट्रीय रामायण महोत्सव

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**रायगढ़ के रामलीला मैदान में 01 से 03 जून तक राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का विराट आयोजन होने जा रहा है। जिला प्रशासन के साथ अब जनसामान्य और विभिन्न समाज भी जुड़ने लगे है।**

राष्ट्रीय रामायण महोत्सव 1-3 जून, रायगढ़, छत्तीसगढ़

राष्ट्रीय रामायण महोत्सव सामाजिक समरसता और सौहार्द का अनूठा उदाहरण बनने जा रहा है, जहां रायगढ़ की आथित्य की वर्षों पुरानी परम्परा भी वृहद रूप में पूरे राज्य को देखने मिलेगी।

संस्कृति विभाग के तत्वाधान में रायगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय रामायण महोत्सव की जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है। वही विभिन्न सामाजिक संगठन भी रामायण महोत्सव में सहभागिता के लिए बढ़-चढ़ कर आगे आने लगे है। जिसमें लायंस क्लब मिड टाउन, लायंस क्लब प्राइड, रोटरी क्लब ग्रेटर, जेसीआई क्लब, सिंधी समाज, साहू समाज, नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन, युवा संकल्प, विश्व हिंदू परिषद एवं यादव समाज महोत्सव में अपनी सहभागिता निभाएंगे। लिहाजा सामाजिक सौहार्द अब राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के माध्यम से एक बार फिर देखने को मिलेगी। वही रायगढ़ की आतिथ्य की वर्षों पुरानी परंपरा से लोगों को रूबरू होने का मौका मिलेगा। जो हमेशा से रायगढ़ की पहचान रही है।

### शहर के विभिन्न स्थानों में अथितियों के लिए होगी नाश्ता, पानी, शर्बत की व्यवस्था

*आपके आतिथ्य के लिए पहचाने जाने वाले रायगढ़ शहर में अथितियों के स्वागत में नाश्ता, पानी, शर्बत की व्यवस्था की जाएगी। जो शहर के विभिन्न चौक चौराहों में जैसे हंडी चौक, तोड़ाराम जोगी गार्डन नटवर स्कूल के पास, घड़ी चौक, गौशाला चौक, पुलिस पेट्रोल पंप पुलिस लाइन, कलेक्टर बंगला के पास, भरत कूप के पास, सत्तीगुड़ी चौक एवं जोहल पैलेस जैसे स्थानों में होगी।*

# जिला स्तर पर विशेष तम्बाकू निषेध सप्ताह सह जनजागरूकता कार्यक्रम 29 मई से 04 जून तक

तम्बाकू उत्पादों के उपयोग से होने वाले घातक बीमारियों के प्रति जागरूक करने जन जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रंजीत टोप्पो के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, एनटीसीपी, डॉ धीरेंद्र कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में 31 मई 2023 को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर 29 मई से 04 जून 2023 तक तम्बाकू के दुष्प्रभावों व तम्बाकू उत्पादों यथा खैनी,बीड़ी,गुटखा,सिगरेट, इत्यादीद्ध के सेवन से होने वाली घातक बिमारियों के प्रति जन सामान्य में जन जागरूकता लाने व इसके उपयोग के प्रति लोगों को हतोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर विशेष तम्बाकू निषेध सप्ताह सह जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत् जिला अस्पताल के प्रांगण से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा शासकीय जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययनरत छात्राओं के द्वारा जन सामान्य में तम्बाकू उत्पादों के उपयोग से होने वाले घातक बीमारियों के प्रति जागरूक करने हेतु जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

जनसामान्य व तम्बाकू उत्पाद विक्रेताओं को तम्बाकू नियंत्रण कानून कोटपा एक्ट 2003, में विहित धाराओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कोटपा एक्ट.2003 जागरूकता रथ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर जशपुर जिले के समस्त विकास खंडों मे भ्रमण हेतु रवाना किया गया। कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ धीरेंद्र कुमार अग्रवाल के द्वारा बताया गया की कोटपा एक्ट-2003 जागरूकता रथ के जिले में भ्रमण का उद्देश्य जन सामान्य में अमानक तम्बाकू उत्पादों पर नियंत्रण व तम्बाकू उत्पादों के उपयोग से होने वाले कैंसर जैसे घातक बीमारियों के प्रति लोगों में जागरूकता लाना है।



# भारतीय जनता पार्टी भिभौरी मंडल की मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर गांव-गांव घर घर अभियान

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

भारतीय जनता पार्टी बेरला दोपहर 12 बजे द्वितीय पाली 3 बजे भिभौरी मंडल की मंगलवार को मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर गांव–गांव घर–घर अभियान जिसमे मोदी सरकार के उपलब्धि को लेकर विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से जनता के पास पहुंचना है।



साथ ही घोटालेबाज कांग्रेस सरकार जो छत्तीसगढ़ जनता के पैसों को लूट मचा कर रखा है उनके नाकामी को गिनाना इसके लिए महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी भाजपा प्रदेश मंत्री पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल,जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी,विधानसभा प्रभारी सुरेंद्र टिकरिहा,पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा,पूर्व प्रदेश मंत्री संध्या परगनिहा,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रहलाद रजक,जिला पंचायत सभापति पुष्पा साहू,भुनेश्वरी वर्मा मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल,यशवंत वर्मा महामंत्रीगण,जनप्रतिनिधिगण व वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। भूपेंद्र सवन्नी ने कहा की भूपेश सरकार की विदाई तय हो चुकी है जहां देखो वहां घोटाला कोयला घोटाला,शराब घोटाला,चावल घोटाला,पीएससी घोटाला,गाय माता के नाम पर गौठान घोटाला हर एक विभाग में घोटाला जनता त्रस्त हो चुकी है जनता मन बना चुकी है इस भ्रष्टाचार सरकार 2023 में विदाई होने वाली है प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा सरकार बैठेगी यह हुआ सेमीफ इनल उसके बाद हमे 2024 में प्रदेश की 11 की 11 सीटें जीताकर फ्रि देश मे मोदी के नेतृत्व में पुन: पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाना है। इसके लिए उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि हमे इसके ये घर से निकलना होगा जनता के पास जाना होगा हमारी टीम बूथ स्तर तक गठन हो चुका है कार्यकताओ को जिम्मेदारी समझनी होगी असली लड़ाई बूथ है जहाँ हम मजबूत से मजबूत गठन कर लिया है उनमें क्रियान्वयन करना है और मुझे पूर्ण विश्वास है मोदी सरकार की उपलब्धि व कांग्रेस सरकार ने हर वर्ग को ठगा किसान,मितान,महिला,बेरोजगारों यहां तक कर्मचारी अधिकारी के साथ धोखा किया घोटाला उजागार हुआ उसे बताना है विकास के नाम गाँव में कुछ नहीं हुआ केवल गांव में केंद्र सरकार के कार्य हुए मनरेगा,नल जल योजना उज्ज्वला योजना आवास योजना को बंद करके रखा,स्मार्ट कार्ड योजना को बंद रखा इनसे गरीब जनता के साथ धोखा कांग्रेस सरकार ने और उन्होंने कार्यकर्ताओ को चार्ज करते हुए कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र कांग्रेस के घोषणा पत्र से 21 रहेगा और भाजपा के सरकार बनते ही जो भी मुख्यमंत्री होंगे सर्वप्रथम हस्ताक्षर प्रधानमंत्री आवास त्वरित गति से बने इसके लिए होगा। अवधेश सिंह चन्देल ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में न सिर्फ विदेशों में भारत की सम्मान बढ़ा है बल्कि देश के भीतर भी गरीब वंचित किसान महिला समेत सभी वर्गों का समेकित विकास हुआ है। मोदी सरकार और उसके पहले की सरकारों के नजरिये में मूलभूत अंतर अंतर बताते हुए कहा कि पहले समस्याओं के लिए समाधान के लिए टुकड़ों में कदम उठाए जाते थे। लेकिन मोदी सरकार ने पहली बार समस्याओं के संपूर्ण समाधान की योजनाएं बनाई और उन्हें सफ लतापूर्वक लागू करने का भी काम किया। उन्होंने कहा कि शौचालय, पक्का मकान, बिजली कनेक्शन, गैस सिलेंडर, नल से जल जैसी योजनाएं इसका प्रमाण हैं। उन्होंने किसानों की आय दोगुनी नहीं होने के आरोप को भी खारिज कर दिया। 2014 की तुलना में 2023 में सभी फसलों के समर्थन मूल्य में लगभग दोगुना बुद्धि की गई है। जबकि लागत मूल्य के रूप में खाद की स्थिर है और पूरे देश में किसानों के लिए बिजली लगभग फ्री है। इसके अलावा 11.39 करोड़ किसानों को छह हजार सालाना के मानदेय से उनके बीज खरीदने के लिए कर्ज नहीं लेना पड़ रहा है। इसके अलावा दुधए बागवानी आदि के उत्पादन में हुई बढ़ोतरी से किसानों की स्थिति 2014 की तुलना में निश्चित रूप से बेहतर हुई है। ओमप्रकाश जोशी ने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी के प्रति कांग्रेस की निकृष्ट सोच को दर्शाती है। उन्होंने कांग्रेस को फोर सी कट करप्शन, कमीशन, कांग्रेसद्ध ग्रेडिंग पार्टी होने का आरोप लगाया। कोविड प्रबंधन में मोदी सरकार की विफ्लता के आरोप को बेशर्मी की पराकाष्ठा बताते हुए उन्होंने कहा कि 220 करोड़ वैक्सीन डोज के साथ कोरोना के कुशल प्रबंधन के लिए पूरी दुनिया भारत की तारीफ कर रही है।



लेकिन कांग्रेस इसे कुप्रबंधन बताकर कांग्रेस इसमें जुटे लाखों सेवाकर्मियों का अपमान कर रही है। इसी तरह से चीन की घुसपैठ के आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार डोकलाम लेकर गलवान तक चीन के सामने डटकर खड़ी है। जबकि कांग्रेस के शासन काल में चीन को हजारों एकड़ जमीन पर कब्जा करने दिया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की घोषित नीति सीमा पर सड़क नहीं बनाने की रही है, ताकि चीन को चुनौती नहीं दी जा सके। जबकि मोदी सरकार के दौरान सीमाओं पर तेजी से आधारभूत संरचनाओं का निर्माण हो रहा है। मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल ने मंडल की बूथ स्तर से लेकर मंडल तक विभिन्न कार्यक्रम योजना पार्टी के कार्ययोजना को विस्तार से बताया वही कार्यक्रम का संचालन महामंत्री गौकरण साहू ने किया। इस अवसर पर महामंत्री गण जनप्रनिधिगण जनपद व जिला सदस्य पार्षद गण मंडल पदाधिकारी शक्तिकेन्द्र के प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक बूथ अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

## एक नजर

### अंत्योदय एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना अंतर्गत व्यवसाय के लिए ले सकते हैं ऋण

अधिकतम 10 हजार रुपए अनुदान देने का प्रावधान है

विस्तृत जानकारी के लिए जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास से कर सकते हैं संपर्क

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार अंत्योदय स्वरोजगार अनुसूचित जाति वर्ग, एवं आदिवासी स्वरोजगार अनुसूचित जनजाति वर्ग योजना अंतर्गत व्यवसाय करने हेतु ऋण लेने के इच्छुक व्यक्ति जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष है एवं वार्षिक आय ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में 1 लाख 50 हजार हो बैंक के माध्यम से ऋण स्वीकृत कराकर अधिकतम 10 हजार रुपए अनुदान देने का प्रावधान है। इच्छुक व्यक्ति जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति जशपुर कक्ष क्रमांक 118 में सम्पर्क कर निर्धारित फार्म प्राप्त कर जाति, निवास,, आय प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड के साथ ऋ ण प्राप्त करने हेतु जमा कर सकता है। उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति जशपुर संपर्क कर सकते हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर आज निकलेगी रैली

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा धुम्रपान एवं नशापान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जनचेतना विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष 31 मई को अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया जाता है, जिससे जनसामान्य में धुम्रपान और तम्बाकू युक्त पदार्थो के सेवन करने की प्रवृति पर प्रभावी नियंत्रण हो सके। इसी क्रम में धुम्रपान एवं नशापान से होने वाले दुष्परिणाम के प्रति समाज में व्यापक जनचेतना विकसित करने हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा 31 मई को सायं 6 बजे से जनजागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए घड़ी चौक, सत्तीगुड़ी चौक, कलेक्टर बंगला, स्टेशन चौक, जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप गांधी प्रतिमा चौक में समापन होगा। रैली के समापन अवसर पर अतिथियों द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को नशामुक्ति संबंधी शपथ-संकल्प दिलाया जाएगा। रैली में सामान्य जनों के साथ-साथ समाज कल्याण विभाग एवं उन्नायक सेवा समिति, रायगढ़ द्वारा संचालित नवजीवन व्यसन मुक्ति पुनर्वास केन्द्र के लगभग 150 महिला एवं पुरूष सदस्यों की भागीदारी होगी।

### याशी जैन के एवरेस्ट फतह से जिले हुआ गौरांवित- उमेश अग्रवाल

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।



जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने पर्वतारोहि याशी जैन को एवरेस्ट फतह कर रायगढ़ का मान बढ़ाने हेतु आत्मीय बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है। भाजपा नेता ने कहा याशी जैन ने पूरे देश सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश में कला संस्कृति की नगरी रायगढ़ का नाम, मान और सम्मान बढ़ाया है। रायगढ़ की पर्वतारोही याशी जैन ने माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई के लिए जाने वाली 15 सदस्यीय टीम में छत्तीसगढ़ की एकमात्र सदस्य के रूप में रायगढ़ की बिटिया याशी जैन शामिल रही। पर्वतारोही याशी जैन ने माउंट एवरेस्ट फतह कर इतिहास रच दिया है। याशी जैन ने भारतीय समयानुसार बुधवार प्रात: 5.45 बजे एवरेस्ट पर भारत का तिरंगा ध्वज फहराया। वे इस अभियान में 45 दिनों तक शामिल रही। जिलाध्यक्ष उमेश ने याशी जैन की उज्ज्वल भविष्य हेतु ईश्वर से कामना करते हुए कहा कि याशी जैन बेटी को पाकर रायगढ़वासियों का सीना गर्व से फूल गया है।

## क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने ली विधानसभा समिति बैठक

जोहार छत्तीसगढ़–सक्ती।




भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा की अध्यक्षता क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल के आतिथ्य मेंसक्ति जिला के तीनो विधानसभा जैजैपुर,चंद्रपुर एवं सक्ति की विधानसभा स्तरीय कोर ग्रुप की बैठक ली गई। जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्य भाजपा प्रदेश पदाधिकारी प्रदेश के कार्यसमिति सदस्य मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी प्रदेश पदाधिकारी जिला पदाधिकारी मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सहसंयोजक सांसद पूर्व सांसद विधायक पूर्व विधायक जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा मंडल के अध्यक्ष विधानसभा के संयोजक पदेन सदस्य में संभाग प्रभारी भाजपा के जिला प्रभारी सहप्रभारी जिला अध्यक्ष विधानसभा प्रभारी लोकसभा के विस्तारक विधानसभा के विस्तारक एवं विशेष आमंत्रित सदस्य की उपस्थिति रही उन्होंने सक्ती,चंद्रपुर जैजैपुर के बैठक में विधानसभा को जीतने के लक्ष्य पर सदस्यों से सारगर्भित बाते की एवम कार्यकर्ताओ का मन जाना।

## दिव्यांग प्रमाण पत्र और नवीनीकरण के लिए बिलाईगढ़ में 2 जून को होगा दिव्यांग शिविर

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़ बिलाईगढ़।

समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य एवं जनपद पंचायत के सहयोग से बिलाईगढ़ में समलाई मंदिर के पास नगर पंचायत भवन में 2 जून 2023 शुक्रवार को दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया है। जिले में निवासरत दिव्यांगों के यूडीआईडी पंजीयन और प्रमाण पत्र, दिव्यांगो के आंकलन सह प्रमाणीकरण हेतु बिलाईगढ में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। दिव्यांगों के लिए पेयजल और भोजन व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। इस शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड की टीम उपस्थित रहेंगे। ऐसे दिव्यांग, जिनके प्रमाण पत्र नहीं है, उनके प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे साथ ही साथ दिव्यांगो के प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण किया जाएगा। सभी दिव्यांग अपने 2 पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड और पुराने दिव्यांग प्रमाण पत्र यदि बना हो, उनके ओरिजनल और फ टोकापी साथ में लाएं। शिविर में ऐसे दिव्यांग जिनके यूडीआईडी कार्ड और दिव्यांगता प्रमाण पत्र जीवित है। वैधता अवधि समाप्त नहीं हुआ हैए उनको शिविर में आने की जरूरत नहीं है।

## कन्या महाविद्यालय शीघ्र प्रारंभ करने कलेक्टर को ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़–सक्ति।



नवीन कन्या महाविद्यालय को जवाहरलाल नेहरु महाविद्यालय में प्रारम्भ किये जाने हेतु सकती एवं आसपास ग्राम के छात्राओं ने कलेक्टर नूपर राशि पन्ना को ज्ञापन दिया 9 जून 2023 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यहां शासकीय महाविद्यालय खोले जाने की घोषणा की शासन से नए स्तर से निर्देश प्राप्त हुआ है प्रशासन शहर सीमा के भीतर जगह की कमी होने के कारण शहर से लगे ग्रामो में स्थान चयन किया जा रहा है। नये सत्र में कन्या महाविद्यालय को खोले जाना आवश्यक है तत्कालीक रूप से शहर में खोले जाने हेतु स्थानीय जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में सुबह की पाली में खोले जाने हेतु आज जिला कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना को सकती शहर एवं आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के छात्राओं ने बड़ी संख्या में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा इस अवसर पर कॉग्रेस नेत्रियों से भी सहभागिता निभाई इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से नगर पालिका परिषद सकती कि अध्यक्ष सुषमा जायसवाल कृषि उपज मंडी अमन्डुला एवं पूर्व जिला कॉग्रेस अध्यक्ष रश्मि गवेल क्रांति कुमार शासकीय महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष एवं पार्षद रिंकू अग्रवाल मारवाड़ी महिला जागृति शाखा की अध्यक्ष एव पूर्व उपाध्यक्ष पार्षद रिना गेवाडीन महिला कॉग्रेस अध्यक्ष विजया जायसवाल महिला कॉग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण कौशल्या कमलेश जिला कॉग्रेस के कुसुम यादव कला संडे राजीव युवा मितान की पदाधिकारी रामेश्वरी साहू छात्रायें सरोज डडसेना सरिता पटेल गुलाबा जलतारे दीपिका पटेल पूजा पटेल प्रीति चौहान संतोषी सोनी स्नेहा चौहान रेशमा भुनेश्वरी खुसबू सहित बड़ी संख्या मे कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौपी कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने सभी छात्राओं सेचर्चा की अधिकांश छात्रायें वर्तमान में बारवी उतीर्ण होकर महाविद्यालय में प्रवेश लेंगी।

## कपरतुंगा गौठान में समूह की महिलाएं कर रही बहुआयामी काम

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़–बिलाईगढ़।



जिले के सारंगढ़ तहसील के ग्राम कपरतुंगा के गौठान में स्व. सहायता समूह की महिलाएं विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधि अपनाकर स्वावलंबन व आत्मनिर्भर होने की दिशा में आगे बढ़ रही है। महिलाओं के जीवन में एक नया बदलाव आ रहा है। इस गौठान में लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के तहत क्रय किए गए गोबर से वर्मी कम्पोस्ट निर्माण किया जा रहा है। समूह की महिलाएं बड़ी, पापड़, झाडू का निर्माण कर रही हैं। समूह द्वारा मुर्गी पालन और सब्जियों की खेती भी की जा रही हैं। इन सभी उत्पादन कार्यों से उन्हें अच्छी आमदनी भी हो रही है। समूह का संचालन कर रही कुमारी सिदार ने बताया कि गौठान में मौसम अनुरूप विभिन्न सब्जियों की खेती भी नियमित रूप से की जाती है। पहले प्याज और टमाटर की खेती की गई थी और अभी गर्मी के मौसम को देखते हुए





भिंडी सब्जी की खेती की जा रही है। इसके साथ ही वर्मी खाद का निर्माण कर उसका उपयोग किया जा रहा है और उसकी बिक्री से उन्हें आर्थिक लाभ भी मिल रहा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने तथा ग्रामीणों को ग्राम में ही रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ने शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना के तहत निर्मित गौठानों में विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधि संचालित की जा रही है। इन गौठानों से जुड़कर स्वसहायता समूह की महिलाएं अब सशक्त व आत्मनिर्भर हो रही हैं।

## आजीविका मूलक गतिविधियों से महिलाएं बन रही आत्मनिर्भर

### केंचुआ एवं मशरूम उत्पादन बना अतिरिक्त आय का जरिया

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना नाम के अनुरूप ही पशुपालकों, महिलाओं, किसानों के लिए लाभदायक साबित हुआ है। गोठान से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं अब घरेलू कार्य के साथ.साथ आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी से अपनी सहभागिता बढ़ा रही हैं। गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोठानों में संचालित आय मूलक गतिविधियों से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं और अब वे अपने परिवार की जिम्मेदारी तथा उनका भरण–पोषण कर अपने जीवन स्तर बढ़ाने में सक्षम हो रही और स्वालम्बन की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। यह सफ लता की कहानी



एक स्वावलंबी बुढ़ादेव महिला स्व सहायता समूह दाढ़ी की महिलाओं की है। जो गौठान में जुड़ने से पहले खेती किसानी एवं मजदूरी किया करते थे। समूह की महिला परसुति बाई ने बताया कि वे फ्लैगशिप गोधन न्याय योजनांतर्गत गोठान से जुड़े और हमारे समूह की महिलाओं द्वारा वर्मी खाद का उत्पादन किया जा रहा है। उन्होने बताया कि कृषि विभाग के आत्मा योजनांतर्गत हमारे समूह को नि:शुल्क केंचुआ प्रदाय किया गया एवं केंचुआ खाद उत्पादन हेतु प्रशिक्षण भी दिया गया। समय.समय पर कृषि अधिकारियों के द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त कर सफलतापूर्वक वर्मी खाद का उत्पादन हमारे समूह द्वारा किया जा रहा है।

*परसुती बाई ने यह भी बताया कि केंचुआ खाद के साथ केंचुआ का भी उत्पादन कर अतिरिक्त आय प्राप्त कर रहे है। अब तक 1389.50 क्विंटल केंचुआ खाद का उत्पादन किया गया। जिसका विक्रय करके गौठान समूह को 460247.20 का आय प्राप्त हुआ। व इसके साथ मशरूम उत्पादन भी किया गया। जिससे अतिरिक्त आय 15000 रुपये तक प्राप्त हुआ। इन सभी गतिविधियों से मेरी व समूह के अन्य महिलाओं के जीवन में काफी आर्थिक सुधार हुआ है तथा सभी समूह के महिलाओं द्वारा प्राप्त आय से श्रीमद् भागवत का पाठ करवाया गया है।*

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ ( छ.ग. )**

ई–कोर्ट क्रमांक: ............/अ–02/2022–2023

साकिन –बाकारूमा, प.ह.नं.–25

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम बाकारूमा को सूचित किया जाता है कि आवेदिक बालमती भगत पिता गंगा राम भगत जाति उरांव निवासी ग्राम बाकारूमा तहसील धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा–172 छ.ग. भू. रा. संहिता 1959 के तहत ग्राम बाकारूमा प.ह.नं. 25 तहसील धरमजयगढ़ स्थित भूमि खसरा नंबर 106/19 रकबा 0.061 हे. कृषि भूमि का दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत कर मकान निर्माण हेतु आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित आदेश पारित कर पुनर्निधारण हेतु निवेदन किया गया है।

अत: उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ परिवर्तित करने हेतु अनुमति दिये जाने में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार/व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति/दावा वगैरह प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 07/06/2023 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/05/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील, मुहर अंकित कर जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) धरमजयगढ़**

# अब शहरों से ही नहीं रीपा के चलते गांव से भी तैयार हो रहे उद्यमी

पहले हम घर चलाते थे, अब उद्योग भी चला रहे मुख्यमंत्री ने हमें केवल रोजगार ही नहीं दिया बल्कि हमें उद्यमी भी बना दिया

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।





पहले हम पूरी कुशलता और दक्षता से घर चलाते थे लेकिन अब उद्योग भी चला रहे है। यह कहना है आत्मविश्वास से लबरेज सरस्वती स्व सहायता महिला समूह की सदस्य जगेशरी प्रजापती का। वे कहती हैं कि महिलाओं की कुशलता और दक्षता को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समझा है और हमें महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा के माध्यम से मौका दिया है खुद को साबित करने का। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रीपा योजना शुरू कर हमें आर्थिक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर दिया है। विकास खण्ड रामानुजनगर के ग्राम पस्ता की महिलाएं इन दिनों विश्वास से भरी हुई है। वे रोजगार मांगने नहीं जा रही हैं वे लोगों को रोजगार दे रही है। रीपा से उनका सपना सच हुआ है। उन्होंने ऐसे क्षेत्र में अपना काम आरंभ किया है जहां मांग ज्यादा थी लेकिन आपूर्ति नहीं हो पा रही थी। चौनलिंग फैसिंक एवं पोल निर्माण के लिए पस्ता की महिलाओं ने उद्यम डाला और आर्डर इतना आ गया कि उनके पास काम ही काम है। ग्रामीणों इलाकों में विकास की बयार बह रही है। महिलाओं और युवाओं के सपने अब हकीकत में तब्दील हो रहे हैं। जगेशरी प्रजापती के साथ-साथ समूह की अन्य 30 महिलाएं इस गतिविधि से जुड़ी हुई है। पस्ता ग्राम में रीपा के तहत चौनलिंक फैसिंग एवं पोल निर्माण इकाई की स्थापना की गई है। संचालित इस गतिविधि से ग्रामीणों महिलाओं को रोजगार मिला है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के मार्गदर्शन में समूह द्वारा उच्च गुणवत्ता के चौनलिंग फैसिंक एवं पोल निर्माण का कार्य प्रारंभ कर क्षेत्र के पंचायतों तथा लोकल बाजार में बिक्री की जा रही है। अब तक इन महिला समूह द्वारा 120 बडल जाली एवं 700 पोल का निर्माण किया गया है जिसमें 9 लाख 68 हजार 3 सौ चालीस रूपये की बिक्री कर ली है। वर्तमान में 150 बडल जाली का ऑर्डर भी प्राप्त हुआ है। रीपा ने ग्रामीण महिलाओं को सीधे तौर पर रोजगार उपलब्ध कराया साथ ही आर्थिक रूप से सशक्त होकर आत्मनिर्भर बनने की राह में अग्रसर किया।

## एक नजर


### सुयश पांडे को पॉलिसी, रिसर्च एवं ट्रेनिंग का राष्ट्रीय सह-प्रभारी बनाए जाने पर ओपी ने बधाई दी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भाजयुमो राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या के अनुमोदन पर छत्तीसगढ़ के सुयश पांडे को पॉलिसी, रिसर्च एवं ट्रेनिंग का राष्ट्रीय सह-प्रभारी बनाए जाने पर बधाई प्रेषित की है। इस नवीन दायित्व से पार्टी का संगठनात्मक ढांचा मजबित होगा। सुयश पांडे पर छत्तीसगढ़ महतारी का आशीर्वाद सदैव बना रहे।

### नेशनल हाईवे 43 पर कार और बाइक में भिड़ंत, एक की मौत, एक घायल





**रायपुर।** नेशनल हाइवे 43 पर सड़क हादसा हो गया. जहां एक बाइक और कार में टक्कर हो गई. जिसमें बाइक बस से जा टकराई. इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई. वहीं एक की हालत गंभीर बताई जा रह है. हादसे से गुस्साए लोगों ने चक्काजाम कर दिया. ये घटना दुलदुला थाना क्षेत्र के पतराटोली में हुआ है. मौके पर पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है. बता दें कि में मृत व्यक्ति का नाम संकेत गुप्ता बताया जा रहा है. वहीं साथी रिंकू सिंह गंभीर रूप से घायल है।

### बारदाना के गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक



**कोरबा।** जिले के सीतामढ़ी गांव स्थित बारदाना के गोदाम में भीषण आग लग गई. आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया. आग लगने की खबर फैलते ही बस्ती वासियों की भीड़ लग गई. घटनास्थल पर नगर सेना की दो दमकल वाहन मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया. आगजनी की इस घटना में लाखों का सामान जलकर खाक हो गया. आग लगने का कारण अज्ञात है। सीतामढ़ी गांव के बोरे के गोदाम में देर रात लगभग 1ः00 बजे अचानक आग लग गई. आग लगाने की सूचना डायल 112, दमकल विभाग और कोतवाली पुलिस को दी गई. गोदाम में लगी आग की लपटे धीरे-धीरे विशाल रूप ले ली. इस घटना में गोदाम में रखे लाखों के सामान जलकर खाक हो गए. वहीं घटना स्थल पर पहुंची नगर सेना की दो दमकल वाहनों की मदद से आग पर काबू पाया गया. बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के कारण गोदाम में आग लगी है. फिलाहल इस पूरे मामले में पुलिस जांच कर रही है।

### कोरबा की युवा प्रतिभाओं ने किया प्रदेश का नाम रोशन

**कोरबा** । अखिल भारतीय सांस्कृतिक संघ एबीएसएस द्वारा आयोजित भारतीय बहुभाषी नाटक, नृत्य और संगीत समारोह और प्रतियोगिता में अपनी हालिया उपलब्धि के माध्यम से ख्याति अर्जित करते हुए कोरबा की युवा प्रतिभाओं ने करा प्रदेश का नाम रोशन।

## आईजी ने पुलिस अधिकारी कर्मचारियों के लिए सशक्त ऐप लांच कर अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से किया लैस

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



सरगुजा पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग द्वारा अपने अनुभव के आधार पर और तकनीकी ज्ञान का उपयोग कर आए दिन सरगुजा रेंज के अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से विभागीय उपयोग हेतु रेंज स्तर पर सशक्त मोबाइल ऐप लांच किया। इस ऐप के माध्यम से पुलिस अधिकारी-कार्मचारियों को चोरी किए गए वाहनों से संबंधित मामलों में जांच पड़ताल करने जैसे महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के साथ.साथ रेंज के सभी पुलिस अधिकारीध् कर्मचारियों का बेसिक डेटाबेस भी तैयार किया गया है। सशक्त ऐप के द्वारा हाई तकनीकी के जरिए पुलिस की कार्य प्रणाली में गुणवत्ता सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

जारी किए गए सशक्त ऐप में विभागीय परवानो के साथ.साथ विभिन्न अपराधों से संबंधित विभिन्न अधिनियम भी अपलोड किया गया हैए जो कि किसी भी समय आवश्यकता पड़ने पर पुलिस के अधिकारीध् कर्मचारी इस ऐप के जरिए उपयोग कर सकते हैं। इस दौरान नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक जिला बलरामपुर लाल उमेद सिंह व नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक जिला सूरजपुर आई0 कल्याण एलेसेला उपस्थित रहे।

## व्याख्याता गोपाल राम नायक आज होंगे सेवानिवृत

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल गेरसा में कार्यरत हैं। जहां से आज सेवानिवृत हो रहे हैं। गोपालराम

विकासखंड धरमजयगढ़ के शासकीय हाई स्कूल गेरसा में व्याख्याता पद पर पदस्थ गोपाल राम नायक आज सेवानिवृत होंगे। शासकीय सेवा में 1980 में सहायक शिक्षक रूप में पहली नियुक्ति हुई थी। 1995 में पदोन्नति होकर उच्च वर्ग शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हार में पदस्थ रहे। 2009 पदोन्नत होकर व्याख्याता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घरघोड़ा में पदस्थ रहे। जहां से 2019 में स्थानांतरण होकर नायक का जन्म नवापारा छाल में हुआ था। जिनका वर्तमान स्थाई पता मेडरमार धरमजयगढ़ है। नायक कक्षा 11 वीं की परीक्षा 1978 में माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल से उत्तीर्ण हुए थे। 1980 में व्यवसायिक शिक्षा बीटीआई धरमजयगढ़ए 1998 पीजीसीटीआई मध्यप्रदेशए 2005 ईएलटीआई रायपुरए 2005 सीसीआरटी नई दिल्ली से की। नायक की शासकीय सेवा अवधि 42 वर्ष की है। इस बीच स्त्रोत शिक्षक डाइट शहडोलए कुशल प्रशिक्षक सहित जिला साक्षरता अभियान में संचालक के रूप में कार्य किया है।

## युवोदय कोंडानार चैंप्स स्वयंसेवकों ने मनाया माहवारी स्वच्छता प्रबंधन दिवस




**कोण्डागांव।** कोण्डागांव जिले के विभिन्न गांवों में 28 मई को माहवारी स्वच्छता दिवस पर सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत युवोदय कोंडानार चैंप्स के स्वयं सेवकों द्वारा लोगों को जागरूक करते हुए बताया गया कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है जो दुनिया की आधी आबादी अनुभव करती है। अब समय है मासिक धर्म के संबंध में खुलकर संवाद किया जाये और सभी को मासिक स्वच्छता के उत्पादों और उसके संबंध में शिक्षा दी जाये।

इस उद्देश्य से कोण्डागांव जिले के फरसगांव, केशकाल एवं माकडी विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में सामुदायिक जागरूकता रैलियों एवं बैठकों का आयोजन किया गया। जिसमें वनबेलगाँव, बुनागाँव में माहवारी स्वच्छता पर सामुदायिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शिशुवती, गर्भवती, किशोरियों सहित मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण लोगों को माहवारी स्वच्छता पर जागरूक किया गया।

## भ्रष्टाचार का पर्याय भूपेश का गोठान-डॉ.साहू

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।




सक्ती विधानसभा के बाराद्वार मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत डुमरपारा के गोठान में चलबो गौठान खोलबो पोल अभियान में सक्ती विधानसभा के पूर्व विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉ. खिलावन साहू ने बाराद्वार मंडल के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों के साथ गोठान का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने कहा कि निरीक्षण में सक्ती विधानसभा के किसी गौठान में गाय नहीं मिला। प्रदेश के मुख्यमंत्री दावा करते हैं कि हमने प्रत्येक ग्राम पंचायत में उन्नीस लाख रुपए की लागत से गौठानों का निर्माण करवाया है जिसमें सभी गौठानौ में लगभग तीन सौ गौ वंश रहते हैं लेकिन मुख्यमंत्री के कथनी और करनी विपरित है। यहां की महिलाओं का एक समूह है जिससे 3 साल से कार्य कर रही हैं। जिसमे केवल 10000 का भुगतान हुआ है बाकी पैसा अभी तक नहीं मिल रहा है। जिसके कारण खाद निर्माण बंद है। कुल मिलाकर भूपेश सरकार का यह ढकोसला है जबकि सारा पैसा मनरेगा। डीएएमएफ,14 एवं 15वें वित्त आयोग की राशि केंद्र सरकार की है जिसे गोठानों में जबरन खर्चा किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार के पास गोधन योजना के लिए कोई बजट नहीं है। पानी नहीं होने के कारण वर्मी कंपोस्ट खाद बनाने का काम भी बंद हो गया है सक्ती विधानसभा के गोठानों की व्यवस्था बदहाल है। इस प्रकार प्रदेश की कांग्रेस सरकार का नारा छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी नरवा,गरवा,घुरवा, बाड़ी योजना में सरकार ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। इस अभियान में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष संतोष राठौर, महामंत्री दीपक ठाकुर, निशिथ तिवारी,शिव राठौर,दूजे साहू, किशन राठौर,कचरा बाई बरेठ आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के नवनिर्मित और निर्माणाधीन भवनों का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



नवगठित सक्ती जिले की कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत ग्राम नंदौरकला में बनाए गए नवीन स्वास्थ्य केंद्र भवन तथा ग्राम जाजंग और देवरी के स्वास्थ्य केंद्र तथा शासकीय चिकित्सकिय स्टाफ आवास के प्रगतिरत निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगातार दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया जा रहा है। इसी क्रम में आज उन्होंने ग्राम नंदौरकला में बनाए गए नवीन स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि ग्राम नंदौरकला का स्वास्थ्य केंद्र बरसों से जर्जर स्थिति में था। जिस कारण स्वास्थ्य सुविधा हेतु ग्रामीण जनों को गांव के बाहर निर्भर रहना पड़ता था। नवगठित शक्ति जिले की स्थापना के बाद ग्राम नंदौरकला में 6 बिस्तर के नवीन स्वास्थ्य भवन का निर्माण किया गया है और अब इसके संचालन की तैयारी है। जिसके निर्माण कार्यों और स्वास्थ्य सुविधाओं का कलेक्टर द्वारा आज निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिया गया। नंदौरकला मैं इस इस भवन में नए उप स्वास्थ्य केंद्र के संचालन से आम जनों को अपने गांव में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी और प्रसव के लिए महिलाओं को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा आज ग्राम जाजंग के उप स्वास्थ्य केंद्र में हाउसिंग बोर्ड द्वारा किए जा रहे रिनोवेशन कार्य, ग्राम देवरी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उप स्वास्थ्य केंद्र में हाउसिंग बोर्ड द्वारा किए जा रहे रिनोवेशन कार्य तथा सीजीएमएससी द्वारा निर्मित कराए जा रहे शासकीय चिकित्सकिय स्टॉफ आवास का निरीक्षण करते हुए गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य किए जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सूरज राठौर,बीएमओ डॉ नंद किशोर हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन अभियंता, सब इंजीनियर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## पाकर गांव में स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक हुई सम्पन्न

गर्भवती महिलाओं का शत् प्रतिशत पंजीयन करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



### छत्तीसगढ़ भगिनी प्रसूति सहायता योजना के बारे में दी गई जानकारी

पत्थलगांव विकासखण्ड के ग्राम पाकरगांव में विगत दिवस ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सुकृत सिंह सिदार, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एस लाल, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जेम्स मिंज, ग्राम पंचायत सरपंच, जनप्रतिनिधि, बीसी एमटी, मितानिन एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे। बैठक में गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही में ही पंजीयन, उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की पहचान, चार बार एएनसी जांच, सभी गर्भवती महिलाओं को आयरन, फोलिक एसिड एवं कैल्शियम टेबलेट का नियमित सेवन, नियमित टीकाकरण, कुष्ठ एवं टीवी खोज अभियान, शत प्रतिशत हाइड्रोसील, मोतियाबिंद स्क्रीनिंग, ऑपरेशन, एनीमिया, सिकलसेल नियंत्रण कार्यक्रम, डायरिया डिसेंट्री का नियंत्रण, सर्पदंश, खसरा, पीलिया के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान स्थानीय बैगा गुनिया के माध्यम से झाड़-फूंक ना कराने व तत्काल अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकीय इलाज हेतु निर्देशित किया गया। मलेरिया के रोकथाम हेतु बरसात में पानी का जमा ना होने देना एवं मच्छरदानी का नियमित उपयोग हेतु सलाह दिया गया। छत्तीसगढ़ भगिनी प्रसूति सहायता योजना के संबंध में आम जनों को जानकारी देते हुए बताया गया कि योजना के तहत् पात्र हितग्राही को 20 हजार की राशि श्रम विभाग द्वारा प्रदान किया जाता है।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in